सुविचार

सही फैसला लेना काबिलियत नही है, फैसला लेकर उसे सही साबित करना काबिलियत है।

साप्ताहिक

# युवा प्रदेश

Freedom Of Speech

RNI.NO. MPHIN/2015/76299

संपादक-नागेश नरवरिया

वर्ष 7, अंक-34 www.yuvapradesh.in भोपाल, शुक्रवार 30 सितम्बर 2022 ypnews24@gmail.com पृष्ठ -8 मूल्य 2 रुपये



Mother's Basket
Kitchen Herbs & Spices
Swad jo pahuche dil tak


## कांग्रेस अध्यक्ष पद की घमासान: G-23 गुट भी मैदान में उतरेगा? आनंद शर्मा के घर हुई इन दिग्गजों की बैठक

**एजेंसी ❑ नई दिल्ली**

कांग्रेस अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए हालिया वर्षों में पहली बार इतना सियासी घमासान नजर आ रहा है। राजस्थान के सीएम अशोक गहलोत की जादूगरी विफल होने व दौड़ से बाहर होने के बाद मानो खुला मैदान हो गया है। अब कहा जा रहा है कि कांग्रेस के असंतुष्ट नेताओं का समूह जी-23 भी अपना प्रत्याशी मैदान में उतार सकता है। यदि ऐसा हुआ तो मुकाबला रोचक हो सकता है। कांग्रेस के जी-23 खेमे के नेताओं ने गुरुवार को बैठक की। यह बैठक वरिष्ठ नेता आनंद शर्मा के निवास पर हुई। इसमें मनीष तिवारी, पृथ्वीराज चव्हाण, भूपेंद्र सिंह हुड्डा सहित कई नेता शामिल हुए। सूत्रों का कहना है कि जी-23 खेमा भी अध्यक्ष पद के चुनाव में उम्मीदवार उतार सकता है। आज यह समूह एक और बैठक करेगा।

### गहलोत से मिले आनंद शर्मा



कल आनंद शर्मा ने दिल्ली स्थित जोधपुर हाउस में अशोक गहलोत से मुलाकात की। इससे पहले गहलोत ने दिल्ली में सोनिया गांधी से मिलकर बीते दिनों जयपुर में हुए घटनाक्रम पर माफी मांगी थी। इसके बाद उन्होंने एलान कर दिया कि वे कांग्रेस अध्यक्ष का चुनाव नहीं लड़ेंगे। उधर, कांग्रेस हाईकमान ने राजस्थान के सीएम पद को लेकर दो दिनों में फैसला करने की बात भी कही है। इससे गहलोत के भविष्य पर भी असमंजस की स्थिति है।

### *अब रेस में दिग्विजय, थरूर, खड़गे के अलावा मनीष तिवारी भी होंगे?*

*कांग्रेस अध्यक्ष पद की दौड़ में अब दिग्विजय सिंह, मल्लिकार्जुन खड़गे, शशि थरूर के अलावा मनीष तिवारी के भी उतरने के कयास लगाए जा रहे हैं। गुरुवार को दिग्विजय सिंह ने कांग्रेस के चुनाव प्राधिकरण से नामांकन पत्र लेने के साथ ही चुनाव लड़ने का एलान कर दिया। इसके बाद खड़गे का नाम उछला। थरूर पहले ही संकेत दे चुके हैं कि वे भी पर्चा दाखिल कर सकते हैं। अब यदि जी-23 भी मैदान में उतरा तो टक्कर कांटे की हो सकती है। बता दें, कांग्रेस संगठन में व्यापक बदलाव की मांग सबसे पहले जी-23 के नेताओं ने ही की थी। इसमें कपिल सिब्बल व गुलाम नबी आजाद भी, जो कि अब कांग्रेस से किनारा कर चुके हैं।*

### आज नामांकन का अंतिम दिन, शाम तक होंगे पत्ते साफ

कांग्रेस अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने की आज अंतिम तिथि है। शाम तक नामांकन की स्थिति स्पष्ट हो जाएगी। हालांकि, कौन कौन मुकाबले में अंत तक रहेगा, इसका फैसला नाम वापसी की अंतिम तिथि 8 अक्तूबर को होगा। उम्मीदवारों की अंतिम सूची 8 अक्तूबर को शाम 5 बजे प्रकाशित की जाएगी। इसके बाद अगर जरूरत पड़ी तो मतदान 17 अक्तूबर को कराया जाएगा। इसके बाद मतों की गिनती 19 अक्तूबर को होगी और उसी दिन परिणाम घोषित किया जाएगा। अध्यक्ष पद के चुनाव में प्रदेश कांग्रेस कमेटियों के 9,000 से अधिक प्रतिनिधि मतदान करेंगे।


## सीबीआई कोर्ट ने व्यापमं की आरक्षक भर्ती के पांच आरोपियों को 7-7 साल जेल की सजा सुनाई

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के व्यापमं में आरक्षक भर्ती में अपनी जगह दूसरे व्यक्ति को बैठा परीक्षा पास करने के मामले में 5 आरोपियों को सात-सात जेल की सजा सुनाई और 10 हजार रुपये जुर्माना लगाया। सीबीआई व्यापमं प्रकरण के विशेष न्यायाधीश नीति राज सिंह सिसोदिया ने गुरुवार को आरोपियों को सजा सुनाई। कोर्ट के निर्देश पर सीबीआई ने अग्रिम विवेचना कर पूरक अभियोग पत्र प्रस्तुत किया था। सीबीआई के लोक अभियोजक मनुजी उपाध्याय ने बताया कि व्यापमं ने 2013 में मध्य प्रदेश पुलिस आरक्षक भर्ती परीक्षा आयोजित की थी। 7 अप्रैल 2013 को आयोजित परीक्षा में चार परीक्षार्थियों कमल किशोर, अमर सिंह, नागेंद्र सिंह तथा सुरेश सिंह ने अपने स्थान पर किसी अन्य व्यक्ति को परीक्षा में बैठा कर लिखित परीक्षा पास करने दलालों से मिलीभगत कर परीक्षा पास की थी। नागेंद्र सिंह के स्थान पर रवि कुमार राजपूत ने परीक्षा दी थी। इसके बाद चारों परीक्षार्थी पुलिस आरक्षक भर्ती परीक्षा में पास हो गए थे। कोर्ट ने कुल 32 गवाहों, 220 दस्तावेजों तथा 19 आर्टिकल के आधार पर 04 परीक्षार्थियों कमल किशोर, अमर सिंह, नागेंद्र सिंह तथा सुरेश सिंह तथा एक प्रतिरूपक रवि कुमार को सजा सुनाई है। सभी को कोर्ट ने ने सात सात वर्ष कठोर कारावास तथा दस हजार रुपए अर्थदंड से भी दंडित किया है।




## अवयस्क बालको को दंगा या उग्र आंदोलन के शामिल करना कितना गंभीर अपराध होगा जानिए/JJ Act,2015....।

बहुत से ऐसे उग्र आंदोलन होते हैं जिनमे बहुत से लोग 18 वर्ष से कम उम्र के लड़को को शामिल कर लेते हैं कुछ राजनीतिक दल भी होते हैं जो अपनी वाह वाही एवं जनता अधिक दिखे इसके लिए बच्चों का सहारा लेते हैं लेकिन वह यह नहीं जानते कि नाबालिग बच्चों को किसी भी प्रकार ले समूह में शामिल करना अपराध होता है जानिए।



**किशोर न्याय(बालको की देख रेख एवं संरक्षण) अधिनियम,2015 की धारा 83 की परिभाषा?**

1. कोई भी गैर मान्यता प्राप्त उग्र समूह या पार्टी (दल) किसी बालक को आंदोलन करने के लिए भर्ती करता है या उसका उपयोग करता है तब ऐसे दल का उग्र समूह पर पाँच लाख रुपये जुर्माना एवं दल के प्रत्येक प्रतिनिधि को सात वर्ष की कारावास से दण्डित किया जाएगा।

2. कोई भी वयस्क व्यक्ति अन्य बिना उग्र समूह किसी बालक को अपनी गैंग में अवैध कार्य करवाने के लिए शामिल मात्र करेगा तब ऐसे व्यक्ति को अधिकतम सात वर्ष की कारावास एवं पांच लाख रुपए के जुर्माने से दण्डित किया जाएगा।

**विशेष नोट-** यह धारा उन गैर राजनीतिक समूह पर लागू होती जिनका उद्देश्य हिंसा एवं उग्रता फैलाना है एवं भीड़ को दिखाने के लिए छोटे छोटे बालको को अपने साथ समूह एवं दल में शामिल कर लेते हैं।

**कानूनी जानकारी लेखिका रागिनी सिंह चौहान इंदौर मोबाईल / 8349039543**

## ग्राम पंचायत में कुर्सी पर बैठने पर अनुसूचित के हल्कू अहिरवार को दबंग रोहित परिहार ने मारपीट की, भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं की मुलाकात

**युवा प्रदेश ❑ छतरपुर**

**मूलचन्द मेधोनिया मोबाइल 8878054839**

मध्यप्रदेश के बुन्देलखण्ड में सबणों के द्वारा आये दिन जातिगत आधार पर भेदभाव कर दलित समुदाय के लोगों के साथ अन्याय, अत्याचार और मारपीट की घटना चरम सीमा पर होती है। सरकार व प्रशासन दबंगई करने वालों पर ठोस कार्यवाही न करने से उनके होंसले बुलंद होकर अमानवीय मारपीट कर अन्याय किया जाता है। कारण यहां इस क्षेत्र में ठाकुरवाद चलता है, बीजेपी के बड़े-बड़े नेता बुन्देलखण्ड से आते हैं। शायद यही कारण है कि उन्हें कहीं न कहीं संरक्षण मिलता है। जातिगत भेदभाव और अपने को मनुष्य की श्रेणी से हटकर दंभ भरने वाले सबर्ण रोहित सिंह पिता रघुवीर सिंह परिहार ने अपने दो साथियों के साथ ग्राम पंचायत चौका जिला छतरपुर के दलित हल्कू अहिरवार को सिर्फ इस आधार पर गंभीर मारपीट की कि उसकी गलती यह थी कि वह पंचायत भवन जो कि सार्वजनिक स्थल एवं गांव के लोगों के लिए ही उपयोगी और सरकारी होता है। जहाँ कुर्सी पर बैठ जाना ऐसा नागवार हुआ कि हल्कू अहिरवार को मारपीट की। जिसका उपचार अस्पताल में इलाज चल रहा, जिसकी हालत और समस्या सुनने भीम आर्मी भारत एकता मिशन एवं आजाद समाज पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री इंजीनियर देवीदीन देव भैया प्रदेश सचिव के नेतृत्व में हल्कू अहिरवार का हाल चाल जानने गये। पीड़ित की स्थिति देखकर पुलिस प्रशासन से मांग की कि आरोपी के खिलाफ शीघ्र एट्रोसिटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया जाए और सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर कठोर कार्यवाही होनी चाहिए। ताकि बुन्देलखण्ड में आये दिन अनुसूचित जाति पर हो रहे अन्याय को रोका जाये। आज भीम आर्मी







भारत एकता मिशन एवं आजाद समाज पार्टी प्रतिनिधिमंडल छतरपुर जिसमें चंदन दाऊ (भीम आर्मी कोर कमेटी सदस्य म. प्र.), इंजी. देवीदीन देव भैया ( प्रदेश सचिव एवं कोर कमेटी सदस्य म. प्र. ) राज चौधरी (सागर संभाग प्रभारी ), इंद्रपाल अहिरवार (जिला प्रभारी ) सुशील नौगांव ( वरिष्ठ कार्यकर्ता भीम आर्मी )सुनील अहिरवार पठापुर, आशीष गौतम नौगांव, अमन भाई, मनोज, धीरेंद्र, नरेंद्र आदि कार्यकर्ता मिलकर ग्राम पंचायत चौका सरपंच बड़े भाई कृष्ण गोपाल अहिरवार जी, एवं पीड़ित परिवार से हॉस्पिटल में जाकर मुलाकात की और आश्वासन दिया आजाद समाज पार्टी एवं भीम आर्मी का एक-एक कार्यकर्ता समाज की लड़ाई को बड़ी मजबूती के साथ लड़ेंगे।

## किसी का व्हाट्सएप, फेसबुक,ट्विटर आईडी आदि हैंक करके चलाना कितना गंभीर अपराध होगा जानिए/ IT Act, 2000...।

बहुत से साइबर अपराध ऐसे होते हैं जो कम्प्यूटर, लैपटॉप या मोबाईल में सेव हमारी पहचान को चुरा लेते हैं जैसे हमारी व्हाट्सएप,फेसबुक, ट्वीटर, ष्ह्यष्ट, ऑनलाइन ट्रांजेक्शन आईडी,डिजिटल हस्ताक्षर एवं किसी भी प्रकार को लॉगिन आईडी को चुरा कर बेईमानी या कपटपूर्ण आशय से उसका इस्तेमाल स्वंय करते हैं तब ऐसे व्यक्ति के खिलाफ थाने किस कानून के अंतर्गत सीधे एफआईआर दर्ज होगी जानिए।



**सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम,2000 की धारा 66(ग) की परिभाषा-?**

कोई भी व्यक्ति कपटपूर्वक या बेईमानी से किसी अन्य व्यक्ति के डिजिटल हस्ताक्षर, किसी भी प्रकार के लॉगिन पासवर्ड,या कोई अन्य पहचान का उपयोग स्वंय के लिए करेगा वह उपर्युक्त धारा के अंतर्गत दोषी होगा।

**सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम,2000 की धारा 66(ग) के अंतर्गत दण्ड का प्रावधान-**

यह अपराध समझोता योग्य है उसी न्यायालय द्वारा जहाँ अपराध का विचारण है एवं यह संज्ञेय एवं जमानतीय अपराध हैं। अधिनियम के अनुसार अपराध का इन्वेस्टिगेशन करने की शक्ति निरीक्षक(इंस्पेक्टर) की नीचे की पक्ति के पुलिस अधिकारी को नहीं हैं। सजा- इस अपराध के लिए अधिकतम तीन वर्ष की कारावास एवं एक लाख रुपए का जुर्माना से दण्डित किया जा सकता है।

**- लेखिका श्रीमती ज्योति सिंह चौहान(महिला सामाजिक कार्यकर्ता एवं जिला ब्यूरो चीफ युवा प्रदेश अलीगढ़ उत्तर प्रदेश)**


### आवश्यकता

युवा प्रदेश नेटवर्क

मध्यप्रदेश के सभी जिले व तहसीलों में संवाददाता नियुक्त किये जाने है। इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें।

**युवा प्रदेश नेटवर्क,**
प्रधान संपादक-नागेश नरवरिया
मो.- 9425156055-9755364204

# नरसिहपुर से जगदीश पटेल प्रदेश सँयुक्त सचिव एवं करणसिंह अहिरवार राज्य समिति सदस्य चुने गए

मूलचन्द मेधोनिया मोबाइल 8878054839





**सालीचौका।** जिला नरसिंहपुर मध्य प्रदेश किसान सभा का राज्य सम्मेलन 23,24,25 सितम्बर2022 को ग्वालियर में अखिल भारतीय किसान सभा के राष्टीय उपाध्यक्ष राजस्थान के नेता अमराराम के उद्घाटन भाषण के साथ शुरू हुआ एवं25सितम्बर को अखिल भारतीय किसान सभा के राष्टीय अध्यक्ष डॉक्टर अशोक धवले के समापन भाषण के साथ किसान सभा की नई मध्य प्रदेश कमेटी के गठन के बाद सम्पन्न हुआ।नरसिहपुर जिला से जगदीश पटेल, करणसिंह अहिरवार, गरीबदास चौधरी, रामसिंग वर्मा, लीलाधरवर्मा, भेरोपरसाद विश्वकर्मा, हरिगोविंद चौधरी सम्मेलन में प्रतिनिधि के रूप में भाग लिया। सम्मेलन में साथी बादल सरोज प्रदेश अध्यक्ष एवं महासचिव के लिए साथी अखिलेश यादव चुने गए। राज्य कमेटी में नरसिंहपुर जिले से जगदीश पटेल को राज्य सँयुक्त सचिव एवं करणसिंह अहिरवार को राज्य कमेटी में चुना गया। तीन दिन तक चले सम्मेलन ने किसानों के सामने सरकारों की किसान बिरोधी नीतियों को लागू करने निजीकरण पर रोक लगाने सहित आम जन के लिए संघर्ष करने की योजना बनाई गई। वर्तमान में खेती किसानी बचाने की चुनोती किसानों के सामने है जिसका किसान सभा ने उनसे निपटने किसानों के साथ मिलकर संघर्ष करते हुए निपटने का संकल्प लिया।

# अनूपपुर कलेक्टर-एसपी को युवाओ ने भेंट की माँ तुझे प्रणाम योजना के तहत अटारी-बाघा बार्डर से लायी हुई मिट्टी व प्रतिक चिन्ह

युवा प्रदेश ❑ अनूपपुर

मध्यप्रदेश शासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा संचालित मां तुझे प्रणाम योजना के तहत अनूपपुर जिले के तीन छात्र अंतरराष्टीय सीमा हुसैनी बॉर्डर,अटारी,बॉर्डर,जलियांवाला बाग सहित अमृतसर की अनुभव यात्रा कर वापस अपने शहर लौटे। देशभक्ति से जुड़ी इस यात्रा को करने के दौरान शासकीय महाविद्यालय जैतहरी राष्टीय सेवा योजना व बीएसडब्ल्यू छात्र मोहन सिंह, किशन आर्मो,नेहरू युवा केंद्र से सिद्धार्थ मिश्रा ने वहां पर शहीदों को अपने साथ ले गए जिले के जल से शहीद स्मारक में श्रद्धांजलि अर्पित की इसमें प्रभारी के रूप में जिला खेल प्रशिक्षक व खेल युवा कल्याण विभाग अनूपपुर से श्री रामचन्द्र यादव भी उनके साथ उपस्थित थे।तथा वहां की मिट्टी लेकर आए युवाओं ने बताया भारत-पाकिस्तान की अंतराष्टीय सीमा पर बीटिंग रिट्रीट सेरेमनी% को देखने का और देश के गौरव को जीने का सौभाग्य प्राप्त किया जलियांवाला हत्याकांड का पूरा स्थल देखा एवं उसके इतिहास से भी वाकिफ हुए। साथ ही वाघा बॉर्डर एवं हुसैनीवाला बॉर्डर में परेड एवं राष्टीय ध्वज को शाम के समय उतारते हुए भी देखा व सैनिक जीवन,संघर्ष तथा विभिन्न विषयों पर बीएसएफ के जवानों से चर्चा की साथ ही दार्शनिक स्थलों में स्वर्ण मंदिर,वाल्मीकि जी मंदिर जैसे विभिन्न स्थानों का अनुभव अपने साथ लेकर लाए युवाओं ने भ्रमण के दौरान जो देखा उसे कलेक्टर,अपर कलेक्टर,पुलिस अधीक्षक,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को




सभी छात्र बारी बारी के साथ अपना अनुभव साझा किए। सभी युवाओं ने कहा कि मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय श्री शिवराज सिंह चौहान जी का आभार जो हम सभी जिला स्तरीय एवं राज्य स्तरीय यूथ महापंचायत के चयनित प्रतिभागियों को मां तुझे प्रणाम योजना के अंतर्गत अंतरराष्टीय सीमा बाघा बॉर्डर पर जाने का अवसर प्रदान दिया।अंतरराष्टीय सीमा बॉर्डर से लाई गई मिट्टी को अपने साथ लेकर आए। जिस का तिलक करने सभी छात्र अनूपपुर अपर कलेक्टर श्री सरोधन सिंह,पुलिस अधीक्षक श्री अखिल पटेल सहित अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक रंजन के यहां पहुंचे।जहां उन्होंने बलिदान भूमि से लाई गई मिट्टी का टीका लगाया।




तथा अनूपपुर कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना को स्वर्ण मंदिर अमृतसर का प्रतिक चिन्ह भेंट की एवं माननीय मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान जी के द्वारा अनुशंसा प्रमाण पत्र सभी छात्र कलेक्टर मैम के द्वारा प्राप्त किए । तथा अनूपपुर युवाओं की देश भक्ति और देश के प्रति ऐसी सोच को देखते हुए कलेक्टर व एसपी ने युवाओं की खूब सराहना की एवं सभी युवाओं को बधाई और शुभकामनाएं दी।।

# अहिरवार समाज संघ मध्य प्रदेश जिला अध्यक्ष हल्के वीर (युवा प्रकोष्ठ) की कार्यकारिणी का किया गया गठन हेमराज अहिरवार बने उपाध्यक्ष।

युवा प्रदेश ❑ रायसेन



अहिरवार समाज संघ मध्य प्रदेश जिला अध्यक्ष (युवा प्रकोष्ठ) हल्के वीर अहिरवार की अनुशंसा पर किया गया (युवा प्रकोष्ठ) कार्यकारिणी का गठन। अहिरवार समाज संघ मध्य प्रदेश पूर्व प्रदेश अध्यक्ष माननीय श्री चौधरी अमन सिंह जी नरवरिया तथा प्रदेश अध्यक्ष सम्मानीय श्री राजेश अहिरवार जी के कार्यकाल में अहिरवार समाज संघ मध्य प्रदेश रायसेन जिला अध्यक्ष श्री हेमंत चौधरी जी के संरक्षण में तथा अहिरवार समाज संघ मध्य प्रदेश जिला अध्यक्ष (युवा प्रकोष्ठ) जिला रायसेन की अनुशंसा पर युवा प्रकोष्ठ की कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें अहिरवार समाज संघ मध्य प्रदेश जिला रायसेन के (युवा प्रकोष्ठ) जिला उपाध्यक्ष हेमराज अहिरवार, जिला मीडिया प्रभारी दीपेश, देवरी नगर अध्यक्ष की कीरत त्रिपालिय, बरेली नगर अध्यक्ष मोहन सिंह नियुक्त किए गए। प्रदेश अध्यक्ष (युवा प्रकोष्ठ) सुनील बामने जी के लेटर पैड पर (युवा प्रकोष्ठ) जिला रायसेन के (युवा प्रकोष्ठ) की कार्यकारिणी का गठन किया गया सभी अहिरवार समाज संघ के पदाधिकारियों के माध्यम से (युवा प्रकोष्ठ) जिला रायसेन के नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं प्रेषित की गई साथ ही रायसेन जिले में प्रदेश संगठन सम्माननीय श्री गोपी लाल जी अहिरवार के सानिध्य में (युवा प्रकोष्ठ) युवाओं को काफी अनुभव तथा सीखने का एहसास मिलता है और अहिरवार समाज संघ को मजबूती मिलेगी। सभी युवा प्रकोष्ठ के नवनियुक्त युवाओं से अहिरवार समाज संघ के माध्यम से अपेक्षा की जाती है कि संघ को मजबूती प्रदान करेंगे और समाज में नई ज्योति प्रज्वलित करेंगे सभी सम्मानीय साथियों को यह बताते हुए बड़ा हर्ष हो रहा है कि युवा प्रकोष्ठ की कार्यकारिणी का गठन सभी युवा काफी उत्साह के साथ संगठन में शामिल हुए हैं काफी अनुभव युवाओं को मिलेगा साथ ही संगठन को मजबूती भी मिलेगी इसी के साथ युवा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष हल्के वीर द्वारा सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई और संघ में निष्पक्ष बिना भेदभाव के काम करने की अपेक्षा की गई।






# कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के तोहिद खान बने शहडोल जिला प्रभारी

युवा प्रदेश ❑ अनूपपुर



प्रदेश अध्यक्ष मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी, अल्पसंख्यक विभाग शेख अलीम एडवोकेट ने अखिल भारतीय अल्पसंख्यक विभाग अध्यक्ष जनाब इमरान प्रतापगढ़ी जी के निर्देश अनुसार एवं मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष महेन्द्र सिंह वोहरा जी की सहमति से प्रदेश अल्पसंख्यक विभाग में तोहिद खान (बाबा खान)को शहडोल जिले का प्रभारी नियुक्त किया गया है। तोहिद खान (बाबा खान)से उम्मीद की गई है कि आप शहडोल जिले में कांग्रेस संगठन को मजबूत करेंगे और इस जिले का दौरा कर अल्पसंख्यक समुदाय से संबंधित जानकारी की रिपोर्ट जनाब इमरान प्रतापगढ़ी जी एवं प्रभारी महेन्द्र सिंह बोहरा जी को प्रेषित करेगे। तोहिद खान (बाबा खान) की नियुक्ति पर जिला कांग्रेस कमेटी अनूपपुर के अध्यक्ष फुन्देलाल सिंह मार्को, शहडोल जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुभाष गुप्ता, प्रदेश कांग्रेस के सचिव प्रेम कुमार त्रिपाठी,महासचिव रमेश कुमार सिंह, वासुदेव चटर्जी एडवोकेट,वरिष्ठ कांग्रेस नेता आशीष त्रिपाठी,डॉक्टर प्रवीण आशीष त्रिपाठी,संतोष कुमार पांडेय,वीरू तंबोली,कमलनाथ फोरम के जिला अध्यक्ष सत्येंद्र स्वरूप दुबे,मंडलम अध्यक्ष रियाज मंसूरी, विनोद सोनी, रामखेलावन राठौर, लक्ष्मण राव ,रामाधार बैगा,उमेश राय,पुरषोत्तम चौधरी,सेवादल एहसान अली अंसारी, राम सजीवन गौतम,संदीप गर्ग,दोमल सिंह,संतोष राठौर,राजन राठौर, उत्तम पटेल,रशीद मंसूरी,जाकिर राठौर नजीर अहमद आदि लोगों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।



Office : Indra Bhawan Shivaji Bhawan, BHOPAL
Phone : 0755-2555452
Residence : 177, Azad Nagar
INDORE (M.P.) 452 001

Phone : 9300952517
E-mail : ssheikhalim@gmail.com
sheikhalimchairmanminoritycell@gmail.com
website : https://sheikhalim.in/

MADHYA PRADESH CONGRESS COMMITTEE
MINORITY DEPARTMENT

SHEIKH ALIM (ADVOCATE)
Chairman

दिनांक :- 28/09/2022

प्रति,

तोहिद खान (बाबा खान)

अखिल भारतीय अल्पसंख्यक विभाग अध्यक्ष–जनाब इमरान प्रतापगढ़ी जी के निर्देश अनुसार एवं मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष महेन्द सिंह वोहरा जी की सहमति से प्रदेश अल्पसंख्यक विभाग में आपको "शहडोल" जिले का प्रभारी नियुक्त किया जाता है।

उम्मीद है कि, आप अपने जिले में कांग्रेस संगठन को मजबुत करेगे और इस जिले का दौरा कर अल्पसंख्यक समुदाय से संबंधित जानकारी की रिपोर्ट जनाब इमरान प्रतापगढ़ी जी एंव प्रभारी महेन्द सिंह वोहरा जी को प्रेषित करेंगे ।

शेख अलीम एडव्होकेट
प्रदेश अध्यक्ष
मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी,
अल्पसंख्यक विभाग

# हिंदी के लिए राजघाट में उपवास

युवा प्रदेश ❑जबलपुर

हिंदी राष्ट्रभाषा घोषित हो इस कामना हेतु प्रेरणा हिंदी प्रचारिणी सभा के संस्थापक कवि संगम त्रिपाठी गांधी जयंती के दिन सांकेतिक उपवास कर रहे हैं। उपवास दोपहर 12 बजे से 5 बजे तक किया जाएगा। कार्यक्रम गांधीवादी तरीके से आयोजित किया जाएगा। इस अभियान के तहत विचार व काव्य गोष्ठी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाने हेतु उनकी भूमिका पर परिचर्चा दोपहर 03.00 बजे प्रारंभ होगी व पत्रकार वार्ता शाम 04.00 बजे उपस्थित पत्रकारों से की जायेगी। कार्यक्रम स्थल राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के शयनांगन राजघाट नई दिल्ली के समक्ष। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री धर्म प्रकाश वाजपेयी जी करेंगे। जो कि अध्यक्ष अटल बिहारी वाजपेई विश्व सेवा संस्थान दिल्ली है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि कवि प्रदीप मिश्रा अजनबी प्रांतीय संयोजक प्रेरणा हिंदी प्रचारिणी सभा दिल्ली रहेंगे। प्रेरणा हिंदी प्रचारिणी सभा के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी चर्चित कवि गुरुदीन वर्मा आजाद ने कहा कि हिंदी विश्व में सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है और उसकी प्रतिष्ठा को संवारने की जिम्मेदारी हम सब की है। हिंदी प्रचार प्रसार हेतु हम निरंतर कार्य कर रहे हैं व अपनी भाषा व संस्कृति को समृद्ध बनाने हेतु कार्य कर रहे हैं। हम किसी भी भाषा और बोली के विरुद्ध नहीं है। सभी भाषाएं हमें ज्ञान प्रदान करती है पर निज भाषा की उन्नति ही हमारे विकास के मार्ग को प्रशस्त करेंगी। उक्त विचार कवि ब्रम्हानंद तिवारी पुष्पधन्वा ने प्रकट किए।



# डी.के बघेल बने भीम आर्मी जिला सह. संयोजक



**रायसेन।** भीम आर्मी के लिए निस्वार्थ भाव से काम करे रहे। समर्पित कार्यकर्ता दीपक कुमार बघेल को भीम आर्मी जिलाध्यक्ष जीतेन्द्र मूलनिवासी ने जिला सह संयोजक के पद पर नियुक्त किया। दीपक कुमार बघेल ने विश्वास दिलाया की वह संगठन के नियमो का पालन करते हुए संवैधानिक दायरे में रहकर भीम आर्मी के लिए कार्य करेंगे ओर बहुजन महापुरषों की विचारधारा को जन जन तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे। सभी पदाधिकयियों कार्यकर्ताओं ने दीपक कुमार बघेल को बधाई ओर शुभकामनाए दी।

## 26 सितंबर बेटी दिवस पर विश्व के सभी बेटियों को समर्पित मेरी मौलिक रचना

### प्यारी बेटियां

बेटियां होती है
गुणो की खान
बेटियों से ही है
जग मे मुस्कान
माता-पिता के
वृद्धावस्था में
वह रखती है
उनका ध्यान
बचपन से ही
अपने कर्तव्यों
के प्रति
बेटियां होती है
संज्ञान
बेटियां होती है
गुणो की खान
दो कुल,को
उबारती है
नई जिंदगी भी
संवारती है
दुखो को अपनी
छुपाकर
हमेशा ही
मुस्कुराती है
भूमि संपत्ति
से बढ़कर
होती है बेटियों
का मान
बेटियां होती है
गुणो की खान
संसार में नव जीवन का
सृजन करती है बेटियां
बचाओगे उन्हें तभी तो
खाओगे , उनके हाथों
की बनी रोटियां
बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ
इस कथन को
साबित कर जाओ
बेटियों का मत ,
करो अपमान
बेटियां होती है
गुणों की खान
बेटियों से ही है
जग मे मुस्कान
प्रकृति की अनमोल
उपहार है बेटियां
माता-पिता के
गले की
हार है बेटियां
सबसे अनुपम
श्रंगार है बेटियां
वीरो को जन्म देने वाली ,
वीरो से भी है महान् ,
बेटियां होती है
गुणो की खान
बेटियों से ही है
जग मे मुस्कान
इस सच से ना
रहे कोई अनजान
बेटियां भी होती है
विद्वान,,
बेटियां होती है
गुणों की खान
बेटियों से ही है
जग मे मुस्कान



-हरीश पांडल
विचार क्रांति

# एएसआई को ट्रक ड्राइवरों ने पीटा, लाठी-डंडे लेकर टूट पडे

## मप्र के सिंगरौली में ट्रक ड्राइवर्स की दादागिरी का वीडियो सामने आया

❑ सिंगरौली

मप्र के सिंगरौली में ट्रक ड्राइवर्स की दादागिरी का वीडियो सामने आया है। इसमें एएसआई को ड्राइवर बुरी तरह पीट रहे हैं। एएसआई जाम खुलवाने गए थे। उन्होंने गाड़ियां आगे बढ़ाने के लिए कहा। इस पर ड्राइवर्स एएसआई पर लाठी और डंडे लेकर टूट पड़े। पुलिस ने 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। मामला सिंगरौली के मोरवा इलाके में मंगलवार रात का बताया जा रहा है। इसका वीडियो अब सामने आया है। सिंगरौली एसपी बीरेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस को मंगलवार की रात करीब 7ः30 बजे सूचना मिली थी कि डीबीएल कंपनी के कैंप के पास सड़क पर जाम लगा है। सूचना मिलते ही मोरवा निरीक्षक मनीष त्रिपाठी के निर्देश पर रात करीब 7ः40 बजे पुलिस टीम मौके पर पहुंची। मौके पर करीब एक किलोमीटर लंबा जाम लग गया था। कुछ पुलिसकर्मी आगे तो कुछ पीछे जाम खुलवाने में लग गए।



एएसआई अरविंद चतुर्वेदी जाम खुलवाने के लिए आगे चले गए। उन्होंने कोल हब कंपनी के ट्रक ड्राइवर से गाड़ी आगे बढ़ाने को कहा। इस पर ट्रक ड्राइवर सोहेब व शब्बीर भड़क गए। उन्होंने गालियां देना शुरू कर दी। नशे में धुत दोनों ड्राइवर्स ने एएसआई पर हमला कर दिया। दोनों ने अपने एक और साथी ड्राइवर के साथ एएसआई अरविंद पर लाठी-डंडे से हमला कर दिया। तीनों ने एएसआई को लाठियों से बुरी तरह पीटा। इस दौरान एएसआई ने बचने का प्रयास किया। हमले में, एएसआई अरविंद चतुर्वेदी गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद दूसरे ट्रक वाले ने इसका वीडियो बना लिया। इसे बुधवार को वायरल कर दिया।

सिंगरौली पुलिस अधीक्षक बीरेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिसकर्मी के साथ मारपीट करने वाले दो आरोपियों सोहेब और शब्बीर को गिरफ्तार कर लिया है। 3 ड्राइवर ने मिलकर मारपीट की थी। एक फरार है। उसकी तलाश जारी है। कोल हब के मालिक अमित तिवारी ने बताया कि उनके दोनों ड्राइवर सोहेब व शब्बीर छत्तीसगढ़ के पटघोरा के रहने वाले हैं।

# ग्रामीणों ने शुरू की नशामुक्ति की पहल, नियम तोड़ने वाले को देना पड़ेगा जुर्माना

**दमोह।** दमोह जिले की जबेरा जनपद अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत मनगुवा मानगढ़ के ग्रामीणों ने पंचायत को समरस बनाने का फैसला लिया है और शराबखोरी पर पूर्णतः रोक लगाने के लिए जुर्माना लगाने जैसा फैसला लिया है। इस पहल को गांव के लोगों ने काफी अच्छा बताया है। शराबखोरी के कारण परिवार बर्बाद होने से बचेंगे और व्यर्थ के विवाद भी नहीं होंगे। ग्राम पंचायत मनगुवां मानगढ़ में सभी ग्रामीण एकत्रित हुए और ग्राम सभा में सामूहिक रूप से प्रस्ताव पारित किया गया कि पूरी ग्राम पंचायत को नशा मुक्त किया जाए। इस फैसले पर सरपंच नवल सिंह लोधी ने अपनी मुहर लगा दी। सभी ने यह निर्णय लिया कि ग्राम पंचायत के अंतर्गत आने वाले तीनों गांव में ना तो लोग खुद शराब पिएंगे और ना ही दूसरों को पीने देंगे। यदि कोई व्यक्ति इस नियम को तोड़ता है तो पहले उसे समझाइश दी जाएगी और इसके बाद भी यदि वह नहीं मानता तो उसकी सामर्थ्य के अनुसार जुर्माना लगाया जाएगा।




ताकि हर बार जुर्माना लगने के डर से वह शराब पीना छोड़ दे। इसके अलावा यदि कोई गांव में अवैध शराब बनाता है या बाहर से लाकर गांव में बेचता है तो उसके विरुद्ध आबकारी विभाग व पुलिस को सूचना देकर कार्रवाई करवाई जाएगी। सभी ग्रामीणों का कहना था कि प्रदेश सरकार द्वारा नशा मुक्त ग्राम पंचायत को पुरस्कृत करने की बात कही है और ग्राम पंचायत मनगुवां मानगढ़ नशा मुक्त हो इसके लिए सभी ग्रामीणों ने सामूहिक निर्णय लिया है। जिससे उनकी ग्राम पंचायत नशा मुक्त हो सके। ग्राम पंचायत मनगुवां सरपंच की पहल से लोगों द्वारा लिए गए इस निर्णय का बनवार चौकी प्रभारी शत्रुघ्न दुबे ने भी स्वागत किया और पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया है।

## जल संसाधन, स्वास्थ्य मंत्री ने तालाब का किया निरीक्षण

❑ रायसेन

जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, स्वास्थ्य मंत्री डॉ प्रभुराम चौधरी तथा उद्यानिकी खाद्य प्रसंस्करण राज्यमंत्री भारत सिंह कुशवाह द्वारा रायसेन जिले की सांची जनपद पंचायत के दीवानगंज में पुष्कर धरोहर तालाब का निरीक्षण किया। जल संसाधन मंत्री शतथा स्वास्थ्य मंत्री ने तालाब में मछलियों के बीज डाले तथा स्व-सहायता समूह की महिलाओं से मत्स्य पालन सहित समूह की गतिविधियों के बारे में जानकारी ली। इस तालाब का इसी साल जीर्णोधार किया गया है तथा इसकी जल संग्रहण क्षमता लगभग 14 हजार क्यूबिक लीटर है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत मीणा, कलेक्टर अरविंद दुबे, पुलिस अधीक्षक विकास शहवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारी भी साथ रहे।



## नगर निगम में जारी रहेगी सीधी भर्ती : हाईकोर्ट

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने जबलपुर नगर निगम में सीधी भर्ती के चयन हेतु प्रक्रिया के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा हाईकोर्ट ने यह भी निर्देश दिए हैं कि कोर्ट की



बिना अनुमति के परिणाम घोषित नहीं होंगे, हाईकोर्ट ने नगरीय प्रशासन विभाग के प्रमुख सचिव, आयुक्त एवं नगर निगम जबलपुर के आयुक्त को जवाब पेश करने के भी निर्देश दिए हैं। मध्यप्रदेश हाईकोर्ट में दैनिक वेतन भोगी अनिल मिश्रा की ओर से याचिका दायर की गई है जिसमें कहा गया है कि 30 सालों से काम कर रहे कई दैनिक वेतन भोगियों को नियमित नहीं किया जा रहा है, जबकि इससे पहले भी हाईकोर्ट ने नगर निगम में कार्य करने वाले दैनिक वेतन भोगियों को नियमित करने के निर्देश भी दिए थे। इसके साथ ही कोर्ट ने उस दौरान यह भी कहा था कि नगर निगम में खाली पदों पर भर्ती की जाए। हाई कोर्ट को याचिकाकर्ता ने बताया कि हाल ही में व्यवसायिक परीक्षा मंडल ने नगर निगम में सीधी भर्ती का विज्ञापन जारी किया है, साथ ही तर्क दिया है कि अभी तक दैनिक वेतन भोगियों के नियमितीकरण पर विचार नहीं किया गया है इसलिए सीधी भर्ती पर रोक लगाई जाए, जिस पर जस्टिस शील नागू की सिंगल बेंच ने सुनवाई करते हुए नगर निगम की सीधी भर्ती प्रक्रिया के परिणाम की घोषणा पर स्थगन के आदेश जारी किए हैं।

# 248 गांवों के 11 हजार 221 किसानों की की फसल बर्बाद

❑ रायसेन

21 और 22अगस्त को हुई अतिवृष्टि से जिलेभर के कई इलाकों में बाढ़ आ गई थी। बेतवा, नर्मदा व बीना नदियों में बाढ़ आ जाने से किसानों की फसल पानी में डूब गई थी। कई गांवों में तो पानी फसलों को अपने साथ बहा ले गया था। जिससे किसानों को काफी नुकसान पहुंचा था। इस नुकसान का आंकलन करवाने के लिए जिला प्रशासन ने राजस्व और कृषि विभाग के अमले को खेतों में भेजकर उसका सर्वे कराया था। जिलेभर के 248 गांवों में 468 दलों ने पहुंच कर अपनी रिपोर्ट तैयार की है। यह रिपोर्ट सर्वे दल द्वारा जिला प्रशासन को उपलब्ध करा दी गई है। इस रिपोर्ट के अनुसार जिलेभर में



12982.698 हेक्टेयर क्षेत्र की फसल को नुकसान पहुंचा है। अतिवृष्टि से जिले के 11221 किसानों की करीब 17 करोड़ 94 लाख 97 हजार 175 रुपए की फसल के नष्ट होने का आंकलन किया गया है । इतनी ही राहत राशि इन किसानों को उपलब्ध कराने की अनुशंसा भी की गई है। इस सर्वे रिपोर्ट से कलेक्टर अरविंद दुबे ने भी शासन को अवगत करा दिया है । साथ ही किसानों को नुकसान की भरवाई के लिए यह राशि उपलब्ध कराने की डिमांड की है, ताकि पीडित किसानों को राहत राशि बांट कर उन्हें हुए नुकसान से कुछ राहत पहुंचाई जा सके । धोबाखेड़ी के किसान भजनलाल मेहरा और नीलेश शर्मा ने बताया कि बेतवा नदी में आई बाढ़ के पानी ने उन्हें बर्बाद करके रख दिया है, उनकी पूरी फसल बाढ़ के पानी में चार-पांच तक डूबी रहने से पूरी तरह से खराब हो गई है । कर्ज लेकर उन्होंने धान लगाई थी । उनकी फसल बहुत अच्छी थी और उम्मीद थी कि तीन से चार लाख रुपए तक की फसल बिक जाती थी।

# जिला अस्पताल की छत से पानी टपकने पर कलेक्टर नाराज , जल्द कराएं सुधार

❑ धार

धार के जिला अस्पताल में ट्रॉमा सेंटर में पहली मंजिल पर प्रसुताओं के लिए बनाए गए 35 वार्डों का उद्घाटन करने पहुंचे कलेक्टर डॉ पंकज जैन छत से टपकता पानी देखकर नाराज हो गए। डॉ जैन ने कर्मचारियों को कहा कि इस प्रकार से पानी टपकता रहा तो ज्यादा क्या चलेगी। इसके लिए समय रहते ध्यान देकर सुधार करवाओं, ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की दिक्कत नहीं आए। इसके बाद प्रसुता वार्ड में एग्जोस्ट फैन नहीं होने से सीएमएचओं को तत्काल एग्जोस्ट फैन लगाने के निर्देश दिए है। दरअसल धार अस्पएताल का 300 बेड का सबसे बड़ा अस्पताल होने के बावजूद अब छोटा पड़ने लगा है। मरीजों के लगातार बढ़ते लोड के कारण बेड तक की उपलब्धता नहीं रहती है। बेड नहीं मिलने की स्थिति में सबसे ज्यादा परेशानी प्रसूताओं को झेलना पड़ती है। इसकी वजह यह है कि मैटरनिटी वार्ड में कुल बेड की



संख्या 65 ही है। जबकि रोजाना जिला अस्पताल में 20 से 25 महिलाएं भर्ती होती है। हर माह जिला अस्पताल के मैटरनिटी वार्ड में 750 महिलाओं के प्रसव होते है। ऐसे में बेड की कमी के कारण कई तरह की परेशानियां प्रसूताओं को झेलना पड़ती है। इस तरह की समस्याओं को कुछ हद तक कम करने के लिए जिला अस्पताल परिसर स्थित ट्रामा सेंटर में पहली मंजिल पर नए वार्ड बनाए गए है।

# कालाबाजारी करने ले जा रहे गरीबों के राशन को सरपंच और ग्रामीणों ने पकड़ा, पिकअप से चावल के बोरे जब्त

❑ उमरिया

मध्यप्रदेश के कई जिलों में इन दिनों सरकारी राशन दुकानों से खाद्यान के कालाबाजारी के मामले सामने आ रहे हैं। हाल ही में उमरिया जिले के नौरोजाबाद के ग्राम पंचायत सस्तरा में ग्राम पंचायत सरपंच व ग्रामीणों ने मिलकर राशन के चावल को पकड़ा। बताया जा रहा है कि महेंद्रा पिकअप गाड़ी क्रमांक स्क्क 54.ब्व 0685 में करीब छह से आठ बोरी चावल भरे थे, ग्रामीणों ने सरपंच के साथ मिलकर वाहन को पकड़ लिया और खाद्य आपूर्ति निरीक्षक को मामले की सूचना दी।



ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची खाद्य आपूर्ति निरीक्षक व नौरोजाबाद पुलिस ने रात में लगभग 8 से 9 बजे के बीच सस्तरा पहुंचकर पिकअप को कब्जे में ले लिया। फिलहाल पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है। ग्रामीणों ने राशन डीलर पर सरकारी राशन की कालाबाजारी करने का आरोप लगाते हुए बेचने का आरोप लगाया है। खाद्य आपूर्ति निरीक्षक ज्ञगदत्त त्रिपाठी और पुलिस के सामने सरपंच ने जानकारी देते हुए बताया कि सरकारी राशन कोटे का है। सरपंच ने कार्रवाई की मांग की है। बता दें, हाल ही में सीएम शिवराज सिंह चौहान ने राशन वितरण में गड़बड़ी पाए जाने पर श्योपुर के जिला आपूर्ति अधिकारी को सस्पेंड कर दिया था।

# कोई भी पात्र व्यक्ति सरकार की योजनाओं से लाभ से छूटेगा नहीं : स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी

## मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान गरीबों को, वंचितों को विकास की धारा से जोड़ने का अभियान है: जल संसाधन मंत्री

युवा प्रदेश ❑ रायसेन



मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान के तहत सांची जनपद के ग्राम मुड़ियाखेड़ा में आयोजित शिविर का स्वास्थ्य मंत्री डॉ प्रभुराम चौधरी, जल संसाधन एवं मत्स्य विभाग मंत्री तुलसीराम सिलावट तथा उद्यानिकी खाद्य प्रसंस्करण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) भारत सिंह कुशवाह द्वारा कन्यापूजन और दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया गया। जल संसाधन मंत्री सिलावट ने आमजन को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस से प्रदेश में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा प्रारंभ किया गया जन सेवा अभियान, जनकल्याण का अभियान है। इस अभियान के तहत सरकार की योजनाओं के लाभ से छूटे हुए लोगों को चिन्हित करके उन्हें योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। जल संसाधन मंत्री सिलावट ने कहा कि सरकार द्वारा महिलाओं, किसानों, युवाओं, वृद्धजनों समाज के प्रत्येक वर्ग के लिए योजनाओं संचालित की जा रही हैं। इन योजनाओं का लाभ लेने से शेष रह गए लोगों को परेशान ना होना पड़े, इसके लिए इन शिविरों के माध्यम से लोगों को लाभान्वित करने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिविरों में प्राप्त होने वाले आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही कर योजनाओं का लाभ दिया जाए। जल संसाधन मंत्री सिलावट ने कहा कि सरकार द्वारा जल जीवन मिशन के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में हर घर में नल से जल उपलब्ध कराने का काम किया जा रहा है, ताकि महिलाओं को परेशानी ना हो। इसी प्रकार सरकार द्वारा जरूरतमंदों को पीडीएस दुकानों के माध्यम से खाद्यान्न वितरित किया जा रहा है। उन्होंने मंच से अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जिले में कोई भी जरूरतमंद खाद्यान्न से वंचित ना रहे। शिविरों में जरूरतमंद लोगों को खाद्यान्न पर्ची वितरित की जाए। वृद्धजनों को, माताओं को, बहनों को, दिव्यांगजनों को घर पर जाकर पात्रतानुसार सामाजिक सुरक्षा पेंशन का लाभ दिया जाए। किसानों को, लोगों को तहसीलों के चक्कर ना काटना पड़े। सीमांकन, बंटवारा, नामांतरण आदि प्रकरणों का भी प्राथमिकता से निराकरण कराएं। स्वास्थ्य मंत्री डॉ प्रभुराम चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान के तहत सभी ग्राम पंचायतों और वार्डो में शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। अभी तक जिले में ग्रामीण क्षेत्रों में 42 हजार से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं जिन पर कार्यवाही करते हुए नियमानुसार निराकरण किया जाएगा तथा पात्रतानुसार योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। कोई भी पात्र व्यक्ति सरकार की योजनाओं से लाभ से छूटेगा नहीं। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की मंशा है कि सरकार द्वारा जो भी योजनाएं चलाई जा रही हैं उनका लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचे। इसके लिए शासन–प्रशासन द्वारा घर–घर जाकर लोगों को चिन्हित किया गया और आवेदन लिए जा रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी ने कहा कि क्षेत्र के विकास और लोगों के कल्याण के लिए वह लगातार काम कर रहे हैं। क्षेत्र में कोई भी गरीब योजनाओं के लाभ से छूटेगा नहीं।

# नगर परिषद में किसकी बनेगी सरकार, आज आएंगे परिणाम

## डिंडौरी और शहपुरा में बीजेपी, कांग्रेस और निर्दलियों ने दिखाया दम

युवा प्रदेश ❑ डिंडौरी




हाल में ही 27 सितंबर को हुए नगर परिषद डिंडौरी और शहपुरा के चुनाव को लेकर मतदान के बाद अब परिणाम को लेकर जिले भर की जनता 30 तारीख का इंतजार कर रही है। दो बड़ी पार्टी भाजपा और कांग्रेस जिनके प्रत्याशी सभी वार्डों में खड़े हुए थे। इस बार के हुए चुनाव में मतदाता खुल कर किसी भी पार्टी या प्रत्याशी के बारे में कुछ भी कहने से साफ बचते नजर आ रहे है। जिसके चलते दोनों पार्टियों को परिणाम का आकलन करने में पसीने छूट रहे है।

वहीं इस चुनाव में आम आदमी पार्टी की डिंडौरी नगर के कई वार्डों में सीधी एंट्री ने चुनाव में खलबली मचाने में कामयाब रही हैं। वहीं निर्दलीय प्रत्याशियों ने भी चुनाव में खड़े हो कर दोनों बड़ी पार्टियों के प्रत्याशियों की नींद उड़ा दी है। जिनमें सभी वार्ड शामिल है इनमें बागियों की संख्या भी शामिल है। अब ऐसे में परिणाम आने से पहले अनुमान के आधार पर निर्दलीय प्रत्याशियों को साधने में दोनों बड़ी पार्टी के नेता सक्रिय हो गए है। 30 सितंबर को 11 बजे तक जीतने और हारने वाले पार्षद प्रत्याशियों की स्थिति साफ हो जाएगी। इसी के साथ नगर की सरकार बनाने को लेकर दिग्गज नेता गुणा भाग लगाने और निर्दलियों की सेंध मारी में प्रयासरत होंगे। सबसे महत्वपूर्ण सीट जो नगर में चर्चित रही वह वार्ड 5, 6 और 13 रही। भाजपा और कांग्रेस उम्मीद लगाए बैठे है कि उनकी और से खड़ी की गई महिला प्रत्याशी पार्षद पद जीत जाए। लेकिन कहना अभी आसान नहीं हैं, फिर भी विकल्प की तलाश शुरू कर दी गई है। सूत्रों की माने तो भाजपा 8 से 9 वार्ड जीतने की बात कह रही है, तो वहीं कांग्रेस इससे अधिक। अनुमान है कि इस बार निर्दलीय उम्मीदवार 2 या 3 जीत कर आ सकते है। लेकिन परिणाम के पहले सभी कयास लगाए रहे हैं, क्योंकि मतदाता मौन है। सूत्रों की माने तो भाजपा वार्ड 5, 9 और 10 का दावा कर रही है और बाकी सीटों में फाइट मान रही है, तो वहीं कांग्रेस वार्ड 2, 4, 5, 8, 12, 13 का दावा कर रही है। बाकी सीटों में फाइट मान रही है। अब ऐसे में चुनावी नतीजों के आने के पहले सीटों पर सीधी नजर रखने वाले चाणक्य टाइप के लोग कहते है कि मतदाताओं का रुझान नगर में बदलाव की तरफ इशारा कर रहा हैं। कारण चाहे जो रहे हो इनमें 3 दिन नगर में पानी न आना, सीटों का गलत बटवारा, भाजपा के खिलाफ माहौल बना रहना और तमाम चीजे।

डिंडौरी नगर में वार्ड 1 और वार्ड 15 सबसे चर्चित रहा हैं। इसमें वार्ड 1 में निर्दलीय प्रत्याशी संतोष वनवासी उर्फ तुर्रा चुनाव लड़ रहा था। जिसके साथ वनवासी सहित अन्य समाज खड़ा था तो वही वार्ड 15 में बाल्टी छाप से युवा समाजसेवी हरिहर पारासर की पत्नी चुनाव लड़ रही थी। परिणाम चाहे जो आए पर दोनों प्रत्याशियों ने दिल से चुनाव लड़ा, इन दोनों सीटों पर भी जनता की नजरें टिकी हुई है। बात अगर शहपुरा की करें तो यहां सभी वार्डों में भाजपा और कांग्रेस को सीधी टक्कर दी है। राजेश गुप्ता और उनके पूरे पार्षद प्रत्याशियों ने बीते 5 साल के विकास के दावों को लेकर मैदान में उतरे राजेश गुप्ता ने अपनी टीम के साथ चुनाव में भाजपा व कांग्रेस से सीधी टक्कर दी है। वहीं निर्दलियों ने भी खूब दम भरा है।

# तीन बाइक सवार आपस में टकराए हादसे में हुई पिता-पुत्र की मौत



युवा प्रदेश ❑ छिंदवाड़ा

छिंदवाड़ा जिले के अमरवाड़ा चौरई मार्ग पर बुधवार को तीन बाइक सवार आपस में टकरा गए। हादसे में पिता पुत्र की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि मृतक पिता पुत्र झाड़ फूंक कराने जा रहे थे। जानकारी के अनुसार झाड़ फूंक कराने जा रहे एक युवक को एक बाइक और स्कूटी ने टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार युवक और उसके बेटे की मौके पर मौत हो गई, जबकि बाइक में बैठी उसकी पत्नी और एक अन्य बेटा बुरी तरह से घायल हो गया, वहीं सामने से आ रही बाइक और स्कूटी सवार भी घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। टीआई के मुताबिक घटना बुधवार दोपहर की है। अमरवाड़ा निवासी शुभम यादव (25) अपने बेटे प्रिंस यादव (2), प्रियांश यादव (4) और पत्नी क्षमा यादव (20) साल के साथ झाड़फूक कराने बाइक से सनटोला जा रहा था, तभी अचानक चौरई मार्ग पर किसनटोला की तरफ से आ रहे बाइक सवार कमलेश वर्मा ने उसे जोरदार टक्कर मार दी, जिससे शुभम बाइक समेत नीचे गिर गया, वहीं कमलेश के पीछे से स्कूटी से आ रहे उसके एक रिश्तेदार ने भी उसे टक्कर मार दी हादसे में शुभम यादव एवं उसका दो वर्षीय पुत्र प्रिंस की मौके पर मौत हो गई, जबकि उसकी पत्नी क्षमा यादव और प्रियांस यादव समेत विपरीत दिशा से आ रहे बाइक सवार कमलेश वर्मा, उसके पीछे बैठी रूकमणी और स्कूटी सवार बुरी तरह से घायल हो गए। पुलिस ने वाहन को जब्त कर मामले को जांच में लिया है। पुलिस के मुताबिक शुभम का पूरा परिवार बाइक से किसनटोला जा रहा था तभी हादसे का शिकार हो गए। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# बिना आईडी के नहीं मिलेगा गरबा पंडालों में प्रवेश, जारी किए निर्देश



❑ छिंदवाड़ा

छिंदवाड़ा में शारदीय नवरात्र के उपलक्ष्य में आयोजित कराए जा रहे हैं गरबा डांडिया महोत्सव में अब बिना पहचान पत्र के किसी भी शख्स को एंट्री नहीं मिलेगी। छिंदवाड़ा कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन ने आदेश जारी किया है, जिसमें कलेक्टर ने साफ तौर पर गरबा संचालकों के लिए गाइडलाइन जारी करते हुए कहा है कि जिले के विभिन्न स्थानों पर आयोजित होने वाले गरबा, डांडिया एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों को आयोजित कराने वाली आयोजन समितियां किसी भी व्यक्ति को बिना पहचान पत्र के एंट्री ना दें, वहीं उन्होंने अन्य दिशा निर्देश भी जारी किए हैं। नियमों का पालन नहीं करने वाले के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

# सुनवाई नहीं होने का आरोप लगाकर युवक ने किया एसपी ऑफिस में आत्मदाह का प्रयास

युवा प्रदेश ❑ अशोकनगर



मध्य प्रदेश के अशोकनगर में एक युवक द्वारा एसपी ऑफिस में आत्मदाह की कोशिश करने का मामला सामने आया है। युवक का कहना है कि पुलिस उसकी सुनवाई नहीं कर रही है इसलिए वो परेशान होकर आत्मदाह कर रहा था। हालांकि मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने युवक को ऐसा नहीं करने दिया।

जानकारी के अनुसार मामला बुधवार का है। पिपरई रोड का रहने वाला कोमेश विमल बुधवार को एसपी ऑफिस अपनी फरियाद लेकर पहुंचा था। उसके हाथ में केरोसिन से भरा डिब्बा भी था। उसने एसपी ऑफिस में ही पुलिस के सामने अपने ऊपर केरोसिन डाल लिया, पुलिसकर्मी कुलदीप शर्मा ने तत्काल केरोसिन का डिब्बा छीन लिया और उसे पकड़ लिया।

कोमेश ने पुलिस को बताया कि उसका पड़ोसी कई सालों से उसे परेशान कर रहा है। जिसकी शिकायत कई बार देहात थाने में कर चुका है। लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। मेरा पड़ोसी लगातार परेशान कर रहा है। उसकी पहुंच मंत्री तक है। पड़ोसी जबरन मकान की दीवार बना रहा है, जिसकी शिकायत भी देहात थाने में की थी पर कोई सुन नहीं रहा था। इसी से परेशान होकर मैंने यह कदम उठाया। बाद में सूचना पर मौके पर पहुंचे पुलिस कर्मियों ने उसे देहात थाने भेज दिया। परेशान युवक का कहना था कि अगर अब भी सुनवाई नहीं होती है तो मैं घर पर आत्मदाह कर लूंगा।

# मैकेनिक पर बदमाशों ने किया हमला चाकू से घायल कर घर में लगाई आग

युवा प्रदेश ❑ दमोह



दमोह जिले के कोतवाली क्षेत्र के बजरिया सात नूरी नगर में बुधवार रात एक बाइक मैकेनिक पर कुछ बदमाशों ने हमला कर दिया। आरोपियों ने पहले बाइक मैकेनिक को चाकू से घायल किया और फिर उसके घर में आग भी लगा दी। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है।

बताया जा रहा है कि रात में घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंचे कुछ पुलिसकर्मियों ने घर में लगी आग को पानी डालकर बुझाया। कोतवाली पुलिस ने इस मामले में आरोपियों के खिलाफ एफआईआर तो दर्ज की है, लेकिन आगजनी की घटना जैसी धारा शामिल नहीं की है। कोतवाली पुलिस ने धारा 294, 323, 506, 34 के तहत मामला दर्ज किया है। घायल मैकेनिक फहीम खान ने बताया कि वह पुरैना तालाब से अपनी दुकान बंद कर रात करीब 11 बजे घर जा रहा था। तभी चमन चौराहे पर आरोपी राजा बाबू , पप्पू थुका, ईदुल कुरैशी, जिलानी कुरैशी के अलावा कुछ अन्य लोगों ने उसे रोकने का प्रयास किया, लेकिन वह नहीं रुका। उसे संदेह था कि आरोपी उस पर हमला कर सकते हैं। वह नूरी नगर की ओर जा रहा था, तभी घर के पास मोड़ पर उसकी बाइक फिसली और वह जमीन पर गिर गया। आरोपी उसका पीछा कर रहे थे। मौके पर पहुंचकर आरोपियों ने उसे गालियां देना शुरू कर दिया।

## संपादकीय

### मोदी सरकार की नीतियों की बदौलत कृषि क्षेत्र में तेजी से बढ़े हैं रोजगार के अवसर

भारत में लगभग 60 प्रतिशत से अधिक आबादी ग्रामीण इलाकों में निवास करती है। इसलिए यह बहुत आवश्यक है कि रोजगार के अधिक से अधिक अवसर भी गांवों में ही निर्मित होने चाहिए, अन्यथा गांवों से शहरों की ओर नागरिकों का पलायन जारी रहेगा और शहरों पर जनसंख्या का दबाव बढ़ता रहेगा। केंद्र सरकार की सफल आर्थिक नीतियों के चलते अब ग्रामीण इलाकों में भी बेरोजगारी की दर लगातार कम हो रही है, क्योंकि अब ग्रामों में भी रोजगार के अवसर अधिक संख्या में निर्मित हो रहे हैं। भारत में आज न केवल दुग्ध क्रांति हुई है बल्कि कृषि एवं परिष्कृत खाद्य उत्पादों का निर्यात भी बहुत तेज गति से आगे बढ़ रहा है। भारत आज दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर हो गया है। भारत में करीब 8 करोड़ परिवार दुग्ध उत्पादन और इसके व्यवसाय से जुड़े हुए हैं। देश में प्रति वर्ष लगभग 9.5 लाख करोड़ रुपए की कीमत का दूध का उत्पादन होता है। 1974 में भारत सिर्फ 2.3 करोड़ टन दूध का उत्पादन करता था, जो हमारी घरेलू जरूरतों से भी कम था। लेकिन आज 2022 में भारत का दूध उत्पादन करीब दस गुना बढ़कर 22 करोड़ टन हो गया है और आज भारत दूध का निर्यात करने की बेहतर स्थिति में आ गया है। भारत 23 प्रतिशत दूध उत्पादन के साथ दुनिया का नंबर एक उत्पादक बन गया है एवं भारत के बाद अमेरिका, चीन, पाकिस्तान एवं ब्राजील का नाम आता है। पिछले 8 वर्षों के दौरान भारतीय डेयरी उद्योग ने 44 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल करते हुए वर्ष 2014-15 में 14.63 करोड़ टन से बढ़कर वर्ष 2020-21 में 21 करोड़ टन का उत्पादन हुआ है। भारतीय अर्थव्यवस्था में कृषि क्षेत्र से डेयरी उद्योग आज 4 प्रतिशत का योगदान कर रहा है, जो कृषि क्षेत्र की विभिन्न मदों में सबसे अधिक है। लगभग 7 करोड़ कृषक आज सीधे ही डेयरी क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं एवं इस क्षेत्र में रोजगार प्राप्त कर रहे हैं। भारत कृषि क्षेत्र के विभिन्न उत्पादों के उत्पादन के मामले में भी वैश्विक स्तर पर अपनी स्थिति में लगातार सुधार कर रहा है। जैसे इस वर्ष भारत, चीन के बाद, दुनिया का सबसे बड़ा दूसरा चाय उत्पादक देश बन गया है। आज भारत प्रति वर्ष 13 लाख टन चाय का उत्पादन कर रहा है। चाय उत्पादन के साथ ही मछली उत्पादन के क्षेत्र में भी भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक देश बन गया है। मछली का उत्पादन करने वाले किसानों और मछुआरों की आय को दोगुना करने के उद्देश्य से केंद्र सरकार ने 10 सितंबर 2020 में 'प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा' योजना शुरू की थी। मत्स्य पालन के क्षेत्र में 2019-20 से लेकर 2021-22 तक 14.3 प्रतिशत की प्रभावी वृद्धि देखी गई है। भारत 47,000 करोड़ रुपये से अधिक की मछलियों का निर्यात करता है। वर्ष 2020-21 में भारत का सी-फूड निर्यात 11.50 लाख मीट्रिक टन का रहा है। भारतीय अर्थव्यवस्था, विशेष रूप से कृषि के क्षेत्र, में उक्त वर्णित संवर्धनों के चलते हाल ही के वर्षों में भारत में गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहे लोगों की संख्या में अच्छी खासी कमी दर्ज की गई है। वर्ष 2011-12 में भारत में गरीबी का अनुपात 21.9 प्रतिशत था जो वर्ष 2020-21 में घटकर 17.9 प्रतिशत हो गया है।

# एक हुंकार जिसने सागर को जीवन दान दिया

*नागरिकों के बीच जागरूकता का फैलने के लिए और अभियान को लोकप्रिय बनाने हेतु अभिनेता, मशहूर हस्तियां, गायक और सोशल मीडिया प्रभावित सक्रिय रूप से लगे हुए थे , स्वच्छ सागर, सुरक्षित सागर अभियान से जोड़ा गया ! उनके सन्देश इस अभियान में एक अलग छाप छोड़ीह्वअभियान में कॉलेज जाने वाले, स्कूली छात्रों, एनएसएस, एनसीसी स्वयंसेवकों सहित युवाओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया। अभियान के अंतिम 25 दिनों में कॉल टू एक्शन पर ध्यान केंद्रित किया गया, जिसके तहत वैज्ञानिकों, सरकारी अधिकारियों, नागरिक समाजों के सदस्यों और आम लोगों द्वारा समुद्र तट की सफाई की गतिविधियाँ की गईं।*

पृथ्वी की सतह का लगभग 71 प्रतिशत भाग जल से आच्छादित है, और महासागरों में पृथ्वी के कुल जल का लगभग 96.5 प्रतिशत भाग है। समुद्र को प्रदूषुत करने का अर्थ ,धरती के जीवन को नष्ट करनाह्व आंकड़ों के अनुसार अगर प्लास्टिक की बोतल और बैग जैसी एकल उपयोग जैसी वस्तुएं समुद्र में फेंकना बंद नहीं हुई, तो 2050 तक दुनिया के महासागरों में मछलियों की तुलना में प्लास्टिक ज्यादा होगी। हर साल डेढ़ करोड़ टन से भी अधिक प्लास्टिक कचरा समुद्र में फेंका जाता है। वैज्ञानिकों ने पाया है कि यह समुद्र के पारिस्थितिक तंत्र के साथ-साथ समुद्री जीवों को भी हानि पहुंचाता है। व्हेल मछली हो या फिर कोरल सभी की जिंदगी को खतरा है। स्वच्छ सागर सुरक्षित सागर अभियान एक 75-दिवसीय तटीय सफाई अभियान जिसे 5 जुलाई को भारत के 7500 किमी लंबे समुद्र तट के साथ 75 समुद्र तटों को साफ करने के लिए शुरू किया गया था। अभियान का समापन अंतर्राष्ट्रीय तटीय सफाई दिवस, 17 सितंबर 2022 को हुआ और अभियान के अंतिम पड़ाव में , लोगो ने इस अभियान में समुद्र तटों की साफ़ करने का बीड़ा उठाया और 800 समुद्रीय तटो को साफ़ किया अभियान की गतिविधियों को तीन श्रेणियों में विभाजित किया गया था- पहले 25 दिनों में समुद्र और समुद्र तटों की स्वच्छता के बारे में जागरूकता पैदा करने का लक्ष्य रखा गया था और अभियान, उनकी भूमिकाओं और




जिम्मेदारियों के बारे में लोगों को सूचित करने के लिए ,सोशल मीडिया का जमकर इस्तेमाल किया गया। नागरिकों के बीच जागरूकता का फैलने के लिए और अभियान को लोकप्रिय बनाने हेतु अभिनेता, मशहूर हस्तियां, गायक और सोशल मीडिया प्रभावित सक्रिय रूप से लगे हुए थे , स्वच्छ सागर, सुरक्षित सागर अभियान से जोड़ा गया ! उनके सन्देश इस अभियान में एक अलग छाप छोड़ीह्वअभियान में कॉलेज जाने वाले, स्कूली छात्रों, एनएसएस, एनसीसी स्वयंसेवकों सहित युवाओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया।अभियान के अंतिम 25 दिनों में कॉल टू एक्शन पर ध्यान केंद्रित किया गया, जिसके तहत वैज्ञानिकों, सरकारी अधिकारियों, नागरिक समाजों के सदस्यों और आम लोगों द्वारा समुद्र तट की सफाई की गतिविधियाँ की गईं। विज्ञान प्रसार और पृथिवी विज्ञानं मैत्रायलय के वरिष्ठ वैज्ञानिक, और अन्य तटीय अनुसंधान वैज्ञानिक ने अपने निर्दिष्ट समुद्र तटों का दौरा किया और समुद्र तट की सफाई गतिविधि और मेगा तटीय सफाई कार्यक्रम सुनिश्चित किया ,ताकि 17 सितंबर को, लोगों की अधिकतम भागीदारी के साथ सुचारू रूप निचित की जायेह्व यह सुनिश्चित करने के लिए कि स्वच्छ सागर सुरक्षित सागर अभियान सोशल मीडिया और अन्य मीडिया प्लेटफार्मों में एक व्यापक पदचिह्न चिह्नित कर सके, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के पृथ्वी भवन में एक मीडिया कण्ट्रोल कक्ष स्थापित किया गया था। स्वच्छ सागर सुरक्षित सागर स्वच्छ तट सुरक्षित सागर, अंतर्राष्ट्रीय तटीय सफाई दिवस हैशटैग और सोशल मीडिया पर उल्लेखों के साथ, राष्ट्रव्यापी प्रमुख तटीय सफाई अभियान पूरे जोरों पर था। हमने देखा, वासुकी,स्वच्छ सागर सुरक्षित सागर शुभंकर, और समर्पितसमुद्री योद्धा समुद्र तट की सफाई की । लोगो में स्वच्छ सागर सुरक्षित सागर अभियान की उत्साही भागीदारी देखी गयीह्व यह अभियान सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से राज्य के हर हिस्से में पहुंचा। स्वच्छ सागर - सुरक्षित सागर अभियान के माध्यम से तटीय जल, तलछट, बायोटा और तटरेखा जैसे विभिन्न मीट्रिक में वैज्ञानिक डेटा और समुद्री कचरे पर जानकारी एकत्र करने के लिए अनुसंधान एवं विकास प्रयासों को बढ़ाने पर एक बड़ा जोर दिया गया था। जागरूकता फैलाने के लिए और आम लोगों के लिए 17 सितंबर 2022 को समुद्र तट की सफाई गतिविधि के लिए स्वेच्छा से संलग्न होने और पंजीकरण करने के लिए भारत में एक मोबाइल ऐप - इको मित्रम लॉन्च किया गया था। डॉ जितेंद्र सिंह एक प्रेस वार्ता में डीप ओशन प्रोजेक्ट को प्रमुखता से प्रकाश डालते हुआ कहा पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय द्वारा डीप ओशन मिशन लॉन्च किया गया है। डीप ओशन मिशन, भारत सरकार की ब्लू इकॉनमी पहल का समर्थन करने हेतु एक मिशन मोड प्रोजेक्ट है। इससे पूर्व पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय ने ब्लू इकॉनमी पॉलिसी का मसौदा भी तैयार किया गया थाह्व ब्लू इकॉनमी आर्थिक विकास, बेहतर आजीविका और रोज़गार एवं स्वस्थ महासागर पारिस्थितिकी तंत्र के लिये समुद्री संसाधनों का सतत् उपयोग है।

# आरएसएस को आतंकवादी संगठन घोषित कर दिया तो छोड़ दूंगा राजनीतिः विजय शाह

❑ जबलपुर

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संगठन को आतंकवादी कहने पर वन मंत्री कुंवर विजय शाह ने कांग्रेस पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि इस तरह की सोच रखने वाले को मैं प्रणाम करता हूं जो कि ऋस्स को आतंकवादी संगठन कहते हैं। वह चाहें तो किसी भी चौराहे पर बहस कर लें, मैं बता दूंगा कि उनके समर्थन से कौन-कौन से लोग आतंकवादी गतिविधियों में लिप्त हैं। अगर कांग्रेस ने ऋस्स को



आतंकवादी घोषित कर दिया तो मैं राजनीति छोड़ दूंगा। मध्य प्रदेश के वन मंत्री कुंवर विजय शाह मंडला जाते समय अल्प प्रवास पर जबलपुर पहुंचे। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने राहुल गांधी के विवाह न करने पर कटाक्ष किया। शाह ने अपने बेटे का उदाहरण देते हुए कहा- मेरा बेटा अभी 29 साल का है, जब वह 45-50 साल का हो जाएगा और उसकी शादी नहीं होगी तो निश्चित रूप से कई तरह की बात उठेंगी, अगर वह ब्रह्मचर्य का पालन कर ले या संत बन जाए, तब तो ठीक है, अगर ऐसा नहीं करता है तो समाज की महिलाएं और अन्य लोगों में कई तरह की बात उठना शुरू हो जाती हैं। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष की दौड़ में शामिल पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के नाम को लेकर बोले- वे कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनते हैं तो बढ़िया है, उनका स्वागत है।

# जब हम गुलाम थे तब एक थे लेकिन आजाद होते ही हम बंट क्यों गये हैं?

एकता वह शक्ति है, जिसके आगे सारी शक्तियां फीकी हैं। कोई भी देश अपने लोगों की एकता और एकजुटता से ही बड़ा बनता है। देश की इसी शक्ति को हमारे प्रधानमंत्री जगाना चाहते हैं। अपने हर संबोधन में वे 'देश के 130 करोड़ भारतवासियों' का ही संबोधन देते हैं। वे देश और उसके नागरिकों को समग्रता में देखते हैं। उनके लिए अल्पसंख्यक, बहुसंख्यक या विभिन्न अन्य जातीय, भाषाई पहचानें मायने नहीं रखतीं। वे मानते हैं कि हमारी एक ही पहचान है- भारतीय होना। यह पहचान बाकी सब पहचानों और अस्मिताओं से ऊपर है। इससे देश जुड़ता है और हम एक तल पर आ खड़े होते हैं। इससे ममता, समरसता और ममभाव खड़ा होता है। भारत की त्रासदी है कि बंटवारे की राजनीति आज भी यहां फल-फूल रही है। आजादी का अमृत महोत्सव मनाते हुए भी हम इस रोग से मुक्त नहीं हो पाए हैं। यह सोचना कितना



व्यथित करता है कि जब हम गुलाम थे तो एक थे, आजाद होते ही बंट गए। यह बंटवारा सिर्फ भूगोल का नहीं था, मनों का भी था। इसकी कड़वी यादें आज भी तमाम लोगों के जेहन में ताजा हैं। आजादी का अमृत महोत्सव वह अवसर है कि हम दिलों को जोड़ने, मनों को जोड़ने का काम करें। साथ ही विभाजन करने वाली मानसिकता को जड़ से उखाड़ फेंकें और राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ आगे बढ़ें। भारत चौदहवीं सदी के ही पुर्तगाली आक्रमण के बाद से ही लगातार आक्रमणों का शिकार रहा है। 16वीं सदी में डच और फिर फ्रेंच, अंग्रेज, ईस्ट इंडिया कंपनी इसे पददलित करते रहे। इस लंबे कालखंड में भारत ने अपने तरीके से इसका प्रतिवाद किया। स्थान-स्थान पर संघर्ष चलते रहे। ये संघर्ष राष्ट्रव्यापी, समाजव्यापी और सर्वव्यापी भी थे। इस समय में आपदाओं, अकाल से भी लोग मरते रहे। गोरों का यह वर्चस्व तोड़ने के लिए हमारे राष्ट्र नायकों ने संकल्प के साथ संघर्ष किया और आजादी दिलाई। आजादी का अमृत महोत्सव मनाते समय सवाल उठता है कि क्या हमने अपनी लंबी गुलामी से कोई सबक भी सीखा है? आजादी के आंदोलन में हमारे नायकों की भावनाएं क्या थीं? भारत की अवधारणा क्या है? यह जंग हमने किसलिए और किसके विरुद्ध लड़ी थी? क्या यह सिर्फ सत्ता परिवर्तन का अभियान था? इन सवालों का उत्तर देखें तो हमें पता चलता है कि यह लड़ाई स्वराज की थी, सुराज की थी, स्वदेशी की थी, स्वभाषाओं की थी, स्वावलंबन की थी। यहां 'स्व' बहुत ही खास है। समाज जीवन के हर क्षेत्र, वैचारिकता ही हर सोच पर 'अपना विचार' चले। यह भारत के मन की और उसके सोच की स्थापना की लड़ाई भी थी। महर्षि अरविंद, स्वामी विवेकानंद, महर्षि दयानंद, लोकमान्य तिलक, महात्मा गांधी, वीर सावरकर हमें उन्हीं जड़ों की याद दिलाते हैं।

# न्यायालयों में भौतिक अधिकारों का हनन

सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र के पूर्व गृहमंत्री अनिल देशमुख की जमानत अर्जी पर सुनवाई में हो रही देरी पर नाराजगी व्यक्त की है। सुप्रीम कोर्ट ने बॉम्बे हाईकोर्ट को इस मामले की शीघ्र सुनवाई कर फैसला देने का निर्देश दिया है।



महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख की याचिका 21 मार्च 2022 से लंबित है। उनकी गिरफ्तारी इस जमानत याचिका के कई माह पूर्व हुई है। हाईकोर्ट में 6 माह से लंबित जमानत याचिका पर सुनवाई नहीं हुई। 6 महीने तक जमानत की याचिका को लंबित रखना, अपने आप में संविधान और मौलिक अधिकारों के हनन के दायरे में आ जाता है। जमानत के लिए अनुच्छेद 21 के अनुरूप जीवन जीने का अधिकार संवैधानिक है। गिरफ्तारी एक कानूनी व्यवस्था है। जमानत की याचिका पर हाईकोर्ट यदि 6 माह तक सुनवाई नहीं करे। तो यह मौलिक अधिकारों के हनन के दायरे में आता है। इसके लिए जब हाईकोर्ट जैसी संस्था स्वयं जिम्मेदार हों। ऐसी स्थिति में नागरिकों के मौलिक अधिकार कैसे सुरक्षित रह सकते हैं। यह शोचनीय है।

भारतीय नागरिकों को संविधान ने जो मौलिक अधिकार दिए हैं। उसमें स्वतंत्रता का अधिकार सबसे महत्वपूर्ण है।जांच एजेंसी ने महाराष्ट्र के पूर्व गृहमंत्री अनिल देशमुख को गिरफ्तार किया। एक समय सीमा के अंदर जांच पूरी करनी चाहिए थी।जांच पूरी होने तक अथवा गवाहों या तथ्यों के साथ छेड़छाड़ की आशंका होने पर ही गिरफ्तारी को जायज ठहराया जा सकता है।

पिछले कुछ वर्षों से गिरफ्तारी के बाद कई माह और कई वर्ष तक जांच एजेंसियां जांच पूरी नहीं करती हैं।जो व्यक्ति गिरफ्तार है। उसकी जमानत के आवेदन पर जांच एजेंसियां वर्षों तक न्यायालयों में विरोध करती हैं। आरोपी जेल में ही बंद रहते हैं। जो स्वतंत्रता के अधिकार का दुरुपयोग है। जांच एजेंसियों के माध्यम यह हो रहा है। इसमें न्यायालय भी अपना दायित्व नहीं निभा पा रही हैं। आपातकाल के दौरान भी लोगों को वर्षों जेल में बंद रखा गया था। अंग्रेजों के बनाए हुए कानून ष्ह्भ्क्ष् में 90 दिन के अंदर जांच एजेंसियों को जांच पूरी कर चालान पेश करने की अनिवार्यता थी।

# मुख्यमंत्री जी की मंशानुरूप गांव मजबूती से आगे बढ़ें: जिपं अध्यक्ष



**युवा प्रदेश ❑ विदिशा**

विदिशा जिले के नवनिर्वाचित सरपंचों तथा ग्राम पंचायतों के सचिव एवं जीआरएस के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन रविन्दनाथ टैगोर सांस्कृतिक भवन ऑडिटोरियम में किया गया था। उक्त कार्यशाला के समापन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता कैलाश रघुवंशी ने कहा कि मुख्यमंत्री जी की मंशानुरूप गांव मजबूती से आगे बढ़ें इस कार्य में पंचायत नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों की महती भूमिका है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में विदिशा जिला अच्छे कामों में सबसे ऊपर रहे यही हम सबका प्रयास हो, इसके लिए हम सबको मिलकर प्रयास करने होंगे।

जिपं अध्यक्ष श्रीमती रघुवंशी ने कहा कि ग्राम विकास के कार्यों में महिलाओं को आगे आना होगा खासकर नवनिर्वाचित सरपंच महिलाएं अपने गांव के सपनों को साकार करें। जिला पंचायत सीईओ डॉक्टर योगेश भरसट ने कहा कि हर पंचायत की बुनियादी ढांचे से सरपंच सचिव एवं जीआरएस भली भांति अवगत हों, पंचायत राज की अवधारणा, हितग्राही मूलक योजनाओं की जानकारियां देना मुख्य उद्देश्य है, उन्होंने कहा कि ग्राम सभा के महत्व को समझना जरूरी है। ताकि पंचायती राज की अवधारणा अक्षरशः प्रतिपादित हो।

जिपं सीईओ डॉ भरसट ने कहा कि आदर्श ग्राम क्या है गरीबों को गरीबी से मुक्ति कैसे दिलाएं इस कार्य में स्वसहायता समूह की मदद से आश्वस्त करते हुए उन्होंने ग्रामों में स्वास्थ्य गतिविधियों के क्रियान्वयन पर विशेष बल दिया है। जिला पंचायत सीईओ डॉ भरसट ने कहा कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में स्वच्छता कार्यों के क्षेत्रों में हर पंचायत का गांव आत्मनिर्भर होना अति आवश्यक है।

# समाज में अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुंचे सरकार की योजनाओं का लाभ : सिलावट

## मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान की मंत्री तुलसीराम सिलावट ने अधिकारियों की समीक्षा बैठक लीं

**युवा प्रदेश ❑ रायसेन**



कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक में जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट और स्वास्थ्य मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी ने जिले में अभियान के तहत आयोजित किए जा रहे शिविरों तथा विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को दिशा- निर्देश दिए। बैठक में उद्यानिकी खाद्य प्रसंस्करण राज्यमंत्री भारत सिंह कुशवाह तथा जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत मीणा भी उपस्थित थे।

जल संसाधन मंत्री श्री सिलावट ने मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान के तहत अब तक आयोजित हुए शिविरों तथा उनके प्राप्त आवेदनों पर चर्चा करते हुए कहा कि शिविरों में प्राप्त हो रहे आवेदनों का जल्द से जल्द निराकरण करते हुए पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ दिया जाए। उन्होंने शिविरों की जिला स्तर से लेकर ग्राम पंचायत और वार्ड स्तर तक मॉनीटरिंग करने के लिए भी कहा। जल संसाधन मंत्री ने कहा कि शिविरों के आयोजन के पूर्व उनका पर्याप्त प्रचार-प्रसार किया जाए तथा लोगों को भी योजनाओं की जानकारी दी जाए। उन्होंने कहा कि पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ नहीं दिए जाने पर संबंधितों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी।

श्री सिलावट ने जिले में स्थित अनुसूचित जाति- जनजाति वर्ग के छात्रावासों की जानकारी लेते हुए कहा कि अधिकारी इन छात्रावासों का नियमित निरीक्षण करें तथा सभी जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। उन्होंने छात्रावासों में आरओ फिल्टर लगवाने के भी निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने जिले में संचालित गौशालाओं तथा निर्माणाधीन गौशालाओं की भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सभी गौशालाओं में पानी की पर्याप्त व्यवस्था हो। इसके अलावा जल संसाधन मंत्री ने अविवादित नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन आदि प्रकरणों की भी जानकारी लेते हुए प्राथमिकता के साथ निराकरण करने के निर्देश राजस्व अधिकारियों को दिए। स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी ने सभी जिला अधिकारियों को निर्देश दिए कि उनके विभागों द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ सभी पात्र लोगों तक पहुंचाया जाए। इसके साथ ही उन्होंने बड़े मंजरे.टोलों को गांव का दर्जा दिलाने के लिए सर्वे कराने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य मंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजनाएं मुख्यमंत्री कन्या विवाह-निकाह योजनाएं आयुष्मान कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, ऊर्जा साक्षरता अभियान सहित अन्य योजनाओं की जानकारी लेते हुए दिशा.निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर अरविंद दुबे द्वारा जिले में मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान के तहत आयोजित किए जा रहे शिविरों तथा विभिन्न योजनाओं की प्रगति के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक विकाश शहवाल, जिला पंचायत सीईओ एलके खरे सहित अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित थे।

# 2 करोड़ 85 लाख की लागत से बनेगा मॉडल रोड, पार्षदों ने पारित किए 11 प्रस्ताव



**युवा प्रदेश ❑ पिपरिया**

पिपरिया नगर पालिका परिषद में बुधवार को नवनिर्वाचित परिषद का पहला सम्मेलन में आयोजित किया गया। सभी पार्षदों के परिचय के बाद नगर विकास के लिए 11 प्रस्ताव रखे गए। प्रमुख रूप से मंगलवारा बाजार से हथवास् तक सिटी में दो करोड़ 85 लाख की लागत से मॉडल रोड निर्माण का रहा। सभी प्रस्तावों पर चर्चा के बाद नगर पालिका अध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल, उपाध्यक्ष संतोष परते, सीएमओ रवि प्रकाश नायक ने उसे अंतिम रूप दिया पंडित दीनदयाल पार्क में बने डोम को डिस्मेंटल कर चौपाटी बनाने के प्रस्ताव पर पक्ष-विपक्ष के पार्षदों ने असहमति जताई। भाजपा पार्षद सरिता बलराम बैस, अरुणा जोशी ने कहा कि इसे डिस्मेंटल नहीं करना चाहिए। इसकी डिजाइन में संशोधन होना चाहिए। जिससे पार्क की शान बनी रहे। नप अध्यक्ष नीना नागपाल ने कहा डोम में सफोकेशन की वजह से अनुपयोगी साबित हो रहा है। लाइब्रेरी भी यहां प्रॉपर नहीं है। डोम के अंदर 5 मिनट भी आराम से आदमी नहीं बैठ सकता है। सीएमओ ने कहा इसकी डिजाइन में क्या बदलाव हो सकता है प्रस्ताव में संशोधन कर इसे आगे बैठक में रखा जाएगा। कांग्रेस पार्षद रेहाना रज्जाक खान ने कहा पहले पूर्व के प्रस्तावित निर्माण कार्य पूरे कराए जाए, और पीएम आवास प्राथमिकता के आधार पर लोगों को आवंटित करने की बात रखी।

# 11 हजार मीटर लंबी चुनरी यात्रा में दिखेगी केरल की झांकी

**युवा प्रदेश ❑ रायसेन**



नवरात्र की पंचमी पर 30 सितंबर को 11 हजार मीटर लंबी विशाल चुनरी यात्रा शहर में निकाली जा रही है। यह चुनरी यात्रा रायसेन से प्रारंभ होकर 17 किमी दूर स्थित खंडेरा वाली मैय्या के दरबार में पहुंचकर समाप्त होगी। इस दौरान देवी भक्त मां की चुनरी को अपने हाथों में थामकर पैदल चलते है। इस चुनरी को थामने के लिए आसपास क्षेत्र के लोग बड़ी संख्या में उमड़ पड़ते हैं। दो दिन से चुनरी को शहर के वार्ड वार्ड में ले जाई जा रही है, जहां पर लोग चुनरी की पूजा अर्चना कर रहे हैं । साथ ही लोगों को चुनरी यात्रा में शामिल होने के लिए आमंत्रित भी किया जा रहा है। इस चुनरी यात्रा में कई नए आकर्षण भी देखने को मिलेंगे। कोरोना संक्रमण के कारण दो साल से यह चुनरी यात्रा बड़े स्तर पर नहीं निकल पा रही थी, लेकिन इस बार यह बंदिशें नहीं होने से फिर उसी रुप में यह चुनरी यात्रा माध्यम ग्रुप के जमना सेन द्वारा निकाली जा रही है । इस चुनरी यात्रा का रायसेन के साथ ही आसपास जिले के लोग भी बेसब्री से इंतजार करते है ।





















## दुधारू पशु खरीदने पशु पालकों को एसबीआई की चिन्हित शाखाएँ देंगी ऋण

**सीहोर।** प्रबंध संचालक स्टेट कोऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन ने बताया कि दुग्ध संघों के कार्यक्षेत्र की समितियों के पात्र सदस्यों को त्रि-पक्षीय अनुबंध के तहत 2, 4, 6 और 8 दुधारू पशु खरीदनें के लिये प्रदेश के प्रत्येक जिले में चयनित 3 से 4 बैंक शाखाओं द्वारा ऋण राशि उपलब्ध कराई जायेगी। हितग्राही को मार्जिन मनी के रूप में 10 प्रतिशत राशि जमा करनी होगी। दस लाख रूपये तक का मुद्रा लोन बिना कोलेस्ट्रल एवं एक लाख 60 हजार रूपये का नान मुद्रा लोन बिना कोलेस्ट्रल त्रि-पक्षीय अनुबंध के तहत हितग्राहियों को उपलब्ध कराया जायेगा। हितग्राहियों को ऋण की अदायगी 36 किश्तों में करनी होगी। पात्र हितग्राही को निर्धारित प्रोफार्मा में आवेदन के साथ फोटो, आधार/पेनकार्ड, वोटर आईडी, दुग्ध समिति की सक्रीय सदस्यता का प्रमाण-पत्र और त्रि-पक्षीय अनुबंध (संबंधित बैंक शाखा, समिति एवं समिति सदस्य के मध्य) आदि दस्तावेज संलग्न करने होंगे।

# आदमी सा दिखता बंदर...

बिकुट तिमाह बंदर के बारे में यह कहा जाता है कि यह बंदर अजर-अमर है। 2008 में चीनी भाषा में निकलने वाले अखबार शिन मिन डेली ने इस बंदर के बारे में छापा कि यह बंदर बिकुट तिमाह क्षेत्र में रात के समय ही निकलता है। अखबार के अनुसार, इस बंदर का चेहरा एकदम मानव जैसा है और यह मनुष्यों की तरह ही सीधा खड़े होकर चलता है। सिंगापुर के जंगलों के बारे में प्रचलित है कि यहां पर एक बंदर रहता है जो कभी-कभी ही नजर आता है। जिस स्थान पर इसे देखने का दावा किया जाता है वह है बिकुट तिमाह।

## अजर-अमर है बंदर

यही वजह है कि इस बंदर को भी बिकुट तिमाह या बीटीएम बंदर कहते हैं। यह भी कहते हैं कि यह बंदर अजर-अमर है और यह कभी न मरा है न मरेगा। एक बात यह भी है कि ज्यादातर लोगों का मानना है कि ऐसा कोई बंदर है ही नहीं। इसके बारे में कई बार लिखा भी गया पर कभी भी ठीक ढंग से शोध नहीं किये गये। यह भी कहा जाता है कि बिकुट तिमाह बंदर केवल लोककथाओं का ही हिस्सा हैं और इनका अस्तित्व है ही नहीं। यह जरूर है कि 2007 में प्रसिद्ध जीव विज्ञानी कार्ल शूकर, जो ऐसे जीवों की खोज में रहते हैं जो या तो विलुप्त हो गए हैं या फिर उनके मिलने की संभावना हो सकती है, ने अपनी पुस्तक एक्स्ट्राऑर्डिनरी एनिमल्स रीविजिटेड ने इसका विस्तार से वर्णन किया है। इस बंदर को देखने का दावा करने वाले कम ही लोग हैं। इसके बारे में ज्यादा लोककथाएं ही हैं। नये जापानी सैनिकों ने भी इनके बारे में बताया है। 1805 में इन्हीं पहली बार देखने का दावा किया गया और अंतिम बार इसे 2007 में देखा गया। यह कहा जाता है कि इसका रूप-रंग किसी मनुष्य जैसा ही है और इसका रंग है धूसर (ग्रे)। इसका कद 3 से 6 फुट के बीच बताया जाता है और यह मनुष्य की तरह ही सीधा खड़ा होकर चलता है। इसे हमेशा ही बिकुट तिमाह क्षेत्र में ही देखा गया। अगर इस तरह का बंदर सचमुच है तो इसके रहने का क्षेत्र काफी छोटा होगा यानी कुल 164 हेक्टेयर। यहां पर आमजन तो आते ही रहते हैं, पार्क की रक्षा करने वाले चौकीदार भी यहां पर हैं।

## क्या साधारण बंदर ही है बिकुट बंदर

इसके चारों ओर शहर बसा है। कुछ लोगों का मानना है कि ऐसा कोई बंदर है ही नहीं और जंगल में रहने वाले साधारण बंदरों को ही बिकुट तिमाह बंदर कहते हैं।

कुछ का कहना है कि केकड़ों को खाने वाले मैकाक बंदरों को ही बिकुट तिमाह कहा गया है। इन्हें देखने का दावा सिर्फ बिकुट तिमाह क्षेत्र में किया गया है। 1805 में यहां के एक निवासी ने ही इन्हें देखा और लोगों को इनके बारे में बताया। उसका कहना था कि उसने बिकुट तिमाह क्षेत्र में दो पांवों पर चलने वाला एक बंदर देखा जिसका चेहरा किसी मनुष्य से मिलता था। जापान के सैनिकों ने द्वितीय विश्वयुद्ध के समय इसे देखने का दावा किया। अज्ञात जीवों के बारे में अनुसंधान करने वाले वैज्ञानिक रिंचड फ्रीमैन ने तो साफ लिखा है कि यहां पर ब्रिटिश राज के आने से पहले इस तरह के बंदर के होने की संभावना हो सकती है। 2007 में इस बंदर को एक बार फिर देखने का दावा किया गया। सिंगापुर के अखबार द न्यू जपेपर ने छापा कि उसने कई प्रत्यक्षदर्शियों से साक्षात्कार के बाद यह पता लगाया है कि यह बंदर सचमुच इस क्षेत्र यानी बिकुट तिमाह में है।



**बिकुट तिमाह बंदर का चेहरा एकदम मानव जैसा है और यह मनुष्यों की तरह ही सीधा खड़े होकर चलता है।**





## कई बार दिखा बिकुट तिमाह बंदर

अखबार ने छापा कि एक 48 साल के टैक्सी ड्राइवर ने कहा कि जब वह रात में बिकुट तिमाह क्षेत्र की सड़क से गुजर रहा था तो उसे लगा, जैसे कोई बच्चा बीच सड़क को दौड़कर पार कर रहा है। रोकने की काफी कोशिश के बाद भी कार उससे जा टकराई और वह उछलकर कार के बोनट पर आ गिरा। वह गुस्से से गुर्राया। वह आम बंदरों से काफी बड़ा था और बाद में घायल होने के बावजूद वह भाग निकला। शायद उसकी बांह टूट गई थी। 29 साल की एक गृहिणी ने कहा कि वह 171 नंबर की बस पकड़ने के लिए बस अड्डे जा रही थी। अभी सूरज नहीं निकला था लेकिन कुहरा हर जगह था। उसने देखा कि कोई बच्चा कूड़ेदान में कुछ खोज रहा है। जैसे ही वह पास गई, उसके कंठ से जानवरों जैसी आवाज निकली और वह जंगल में भाग गया। वह धूसर रंग का था और उसका शरीर बालों से भरा था। वह दो पांवों से चलता था। इसी बिकुट क्षेत्र के 65 साल के रिटार्यड व्यक्ति ने बताया कि उन्हें बचपन में बताया गया था कि वह रात में जंगल के करीब न जाएं क्योंकि वहां पर बंदर मानव रहता है।

## जंगल में बंदर की चीखें

हमारे कई रिश्तेदारों ने उसे देखा था। कई बार जंगल से तेज चीखें भी गूंजती थीं। 2008 में चीनी भाषा में निकलने वाले अखबार शिन मिन डेली ने इस बंदर के बारे में छापा कि यह बंदर बिकुट तिमाह क्षेत्र में रात के समय ही निकलता है। अखबार के अनुसार, इस बंदर का चेहरा एकदम मानव जैसा है और यह मनुष्यों की तरह ही सीधा खड़े होकर चलता है। अखबार ने एक पत्रकार को भी इस क्षेत्र में भेजा, पर उस पत्रकार को यह बंदर नजर नहीं आया। उधर, कुछ लोगों का कहना है कि इस क्षेत्र में लंबी पूंछ वाला मैकेक बंदर रहता है जो केकड़े खाकर अपना काम चलाता है और लोगों ने उसी को देखा होगा। कई पर्यटकों ने भी मैकेक बंदर को देखने की बात कही है। उन्होंने यह भी कहा कि इस बंदर की शक्ल भी काफी कुछ मनुष्यों से मेल खाती है। यह जरूर है कि मैकेक बंदर करीब 50 सेमी तक ऊंचा होता है जबकि बिकुट तिमाह को लोग 1-2 मीटर तक लंबा बताते हैं। यह बंदर आज भी रहस्यों के घेरे में है। हो सकता है कभी इस रहस्य पर से पर्दा उठे।

# पक्षियों का शेर



पक्षियों में गरुड़ बेहद शानदार शिकारी पक्षी है। इसका कोई प्राकृतिक दुश्मन नहीं है, इसलिए इसे पक्षियों का शेर भी कहा जाता है। गरुड़ बहुत फुर्तीले और तेज उड़ान भरने वाले पक्षी होते हैं। यह अमेरिका का राष्ट्रीय पक्षी है। गरुड़ दुनिया के सभी देशों में पाये जाते हैं। इनका रंग काला, हल्का पीला तथा भूरा होता है। इनकी आंखें सफेद, सिर चपटा, तेज चोंच, टांगें परों से ढकी हुई और पंजे धारदार होते हैं। इनकी कई प्रजातियां हैं जिनमें उकाव, सर्पवत, श्वेतनेत्र आदि प्रमुख हैं। दूसरे पक्षियों की तरह इनकी संख्या में भी गिरावट आ रही है। वर्ष 1990 में देश में गरुड़ों की संख्या लगभग चालीस हजार थी, जो अब घटकर महज चार-पांच हजार रह गयी है।

## ऊंचे पेड़ों की टहनियों पर निवास

गरुड़ जमीन पर तभी उतरता है जब उसे कोई शिकार पकड़ना होता है। इनका निवास पहाड़ों की चोटियों या ऊंचे पेड़ों की टहनियों पर होता है। गरुड़ों का मुख्य भोजन छोटे पक्षी, सांप, गिरगिट, मेंढक, चूहे आदि है। इनमें सबसे प्रसिद्ध उकाब प्रजाति का गरुड़ है। इसके हैरतअंगेज कारनामों की चर्चा अकसर होती रहती है। एक अंग्रेज पक्षी विशेषज्ञ जार्ज स्वेस ने आंखों देखी घटना में लिखा है कि सुदूर आकाश में एक उकाब मंडरा रहा था। नीचे मैदान में भेड़ें चर रही थीं। अचानक उसकी दृष्टि उन पर पड़ी और वह धीरे-धीरे नीचे उतरा। फिर क्षणभर में वह बेहद तेज गति से एक मेमने पर झपटा और उसे तीक्ष्ण पंजों से पकड़कर ऊपर ले उड़ा। पास के एक पर्वत पर उसकी मादा बैठी उसका इंतजार कर रही थी। गरुड़ वहां पहुंचा और दोनों ने अभागे मेमने का सफाया कर दिया।

## बंदर का बच्चा इनका प्रिय भोजन

कहते हैं कि मौका पाकर गरुड़ मनुष्य के छोटे बच्चों को भी उठाकर ले जाते हैं। बंदर का बच्चा इनका प्रिय भोजन है। एक बार अफ्रीका में कुछ पक्षी विशेषज्ञ उकाब गरुड़ के एक घोंसले का निरीक्षण करने गये। उस घोंसले में खरगोश की पचास ठठरियां, भेड़ों के तीन अस्थि पंजर, बत्तख, सांप और गिलहरियों की हड्डियां मिली थीं। गरुड़ों को लेकर एक किस्सा बिहार के एक गांव का प्रचलित है। एक व्यक्ति ने पेड़ पर चढ़कर उनके घोंसले में आग लगा दी। घोंसले में दो बच्चे थे। वे जलकर मर गए। कुछ दिनों बाद गरुड़ ने दूसरा घोंसला बना दिया और आग लगाने वाला व्यक्ति दो सप्ताह होते ही आग में जलकर मर गया। तब से गांव के लोग गरुड़ के भक्त बन गये। उस गांव में आज भी तालाब के किनारे ऊंचे पीपल के पेड़ पर गरुड़ों का निवास है।

## गरुड़ की पूजा

भारत में गरुड़ की पूजा की जाती है। इसे भगवान विष्णु का वाहन माना जाता है। तमिलनाडु में चेन्नई से 60 किलोमीटर दूर एक तीर्थस्थल है जिसे पक्षी तीर्थ कहा जाता है। यह तीर्थस्थल वेदगिरि पर्वत के ऊपर है। कई सदियों से दोपहर के वक्त गरुड़ का जोड़ा सुदूर आकाश से उतर आता है और फिर मंदिर के पुजारी द्वारा दिए गए खाद्यान्न को ग्रहण करके आकाश में लौट जाता है। सैकड़ों लोग उनका दर्शन करने के लिए वहां पहले से ही उपस्थित रहते हैं। वहां के पुजारी के मुताबिक, सतयुग में ब्रह्मा के आठ मानसपुत्र शिव के शाप से गरुड़ बन गए थे। उनमें से दो सतयुग के अंत में, दो त्रेता के अंत में, दो द्वापर के अंत में शाप से मुक्त हो चुके हैं। कहा जाता है कि अब जो दो बचे हैं, वे कलयुग के अंत में मुक्त होंगे। हालांकि इसे सभी लोग विश्वसनीय नहीं मानते।








# एक मंदिर ऐसा जहां मिसाइलों की होती है पूजा

**दुनिया का एक ऐसा मंदिर है जहां मिसाइलों की पूजा की जाती है। यह मंदिर विज्ञान और ईश्वरीय आस्था के संगम का प्रतीक है। हर लांचिंग से पूर्व व्हीलर द्वीप स्थित शिव मंदिर में मिसाइलों की सफलता की कामना की जाती है। ओडिशा के व्हीलर द्वीप से भारत की अब तक लगभग सभी मिसाइलों का प्रक्षेपण किया गया है।**



मिसाइल पुरूष डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम हों या अग्नि पुत्री कहलाने वाली अग्नि परियोजना की निदेशक टेसी थामस या फिर मौजूदा रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन प्रमुख वीके सारस्वत। सभी इस मंदिर में शीश नवाने आते रहे हैं।


## मिसाइल परीक्षण से खोजा व्हीलर द्वीप

भारतीय वैज्ञानिकों ने एक मिसाइल के परीक्षण से ही व्हीलर द्वीप खोजा था। मिसाइल दागने के बाद जब समंदर में उसकी खोज हुई तो जहाजों को वह कहीं नहीं मिली। आखिरकार यह डेढ़ वर्ग किलोमीटर का द्वीप दिखाई दिया जहां उस मिसाइल का मलबा पड़ा हुआ मिला था। जहां यह मलबा पाया गया था, उसे आज पृथ्वी प्वाइंट कहा जाता है। एक रक्षा वैज्ञानिक ने बताया कि इसी द्वीप पर गांव देहात के देवताओं की तरह एक छोटा सा मंदिर भी पाया गया।

कोई आबादी न होने के बावजूद मंदिर की मौजूदगी वाकई आश्चर्यजनक थी। बाद में रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन ने इस मंदिर का विकास कराया और इस मंदिर में भारत की मिसाइलों की सफलता के लिए मन्नत मांगी जाने लगी। अब तो हर प्रक्षेपण से पहले इस मंदिर के पुजारी को किसी पुरोहित की तरह बुलाया जाता है। मंदिर के प्रांगण में पल्ला बिछाया जाता है। वहां ग्यारह नारियलों के साथ पूजा होती है। देश के मिसाइल वैज्ञानिक एक-एक करके नारियल फोड़कर मंदिर में नतमस्तक होते हैं। मिसाइल के मस्तक पर भी रोली से तिलक लगाया जाता है और फिर वैज्ञानिक आश्वस्त होकर अपने-अपने कंप्यूटरों की राह पकड़ लेते हैं। इन कंप्यूटरों के लिए एक अंडर ग्राउंड सुविधा है। मिसाइल के परीक्षण के समय द्वीप पर कोई नहीं रह सकता। मिसाइलों के रखने के लिए भी एक अंडर ग्राउंड सुविधा वहां मौजूद है। मिसाइल दागे जाने के समय एक बड़े इलाके में आग लग जाती है और वहां खड़ी अग्निशमन की गाड़ियां सक्रिय हो जाती हैं। मिसाइल के परीक्षण के समय के फोटो लेने के लिए व्हीलर द्वीप के आसपास के कुछ द्वीपों की पर्वत चोटियों पर कैमरे लगाए गए हैं। ये कैमरे दो सौ किलोमीटर तक की परिधि के सटीक चित्र ले सकते हैं।

# वृक्ष कैसे-कैसे

- न्यूजीलैंड में मिंकानामक एक वृक्ष पाया जाता है। उस वृक्ष के तने से मक्खन जैसा द्रव निकलता है, जो गाढ़ा भी होता है और बेहद मीठा भी। वहाँ के लोग मक्खन के बजाए उस द्रव का ही उपयोग प्रतिदिन भोजन में करते हैं।
- वेस्टइंडीज के सूडानइलेह वन में एक वृक्ष पाया जाता है। इस वृक्ष को मोर्निंग ट्री (शोकाकुल वृक्ष) कहते हैं। इस वृक्ष से दिन भर संगीत की स्वर लहरियाँ निकलती हैं, मगर शाम होते ही वृक्ष से रोने की आवाज आती है।
- ऑस्ट्रेलिया में टिनास नामक एक वृक्ष पाया जाता है, जो साल में दो बार अपनी छाल बदल लेता है।
- जावा (सुमात्रा) के समुद्र तट पर एक नरभक्षक वृक्ष पाया जाता है। इस वृक्ष के नीचे जो कोई भी प्राणी खड़ा हो जाता है, उसे यह अपनी खतरनाक टहनियों से ढँक लेता है। प्राणी मर जाता है, तो टहनियाँ अपने आप ऊपर उठ जाती हैं।
- अमेरिका के कैलिफोर्निया शहर में हैंबेलेट स्टेट नामक एक पार्क है। इस पार्क में जैट सेकुजा वृक्ष की ऊँचाई लगभग 122 मीटर है।
- कोलकाता के बोटेनिकल गार्डन में एक विशाल वटवृक्ष है, जो दस एकड़ जमीन पर फैला हुआ है। यह 27 मीटर ऊँचा है तथा 241 वर्ष पुराना।



## उत्तर प्रदेश में गंगा एक्सप्रेसवे मेरठ को प्रयागराज से जोड़ेगा

# अदाणी ग्रुप को गंगा एक्सप्रेसवे निर्माण के लिए मिला फाइनेंशियल क्लोजर

**एजेंसी ❑ नई दिल्ली**

अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड (एईएल) की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनियों बदायूं हरदोई रोड प्राइवेट लिमिटेड (बीएचआरपीएल), हरदोई उन्नाव रोड प्राइवेट लिमिटेड (एचयूआरपीएल) और उन्नाव प्रयागराज रोड प्राइवेट लिमिटेड (यूपीआरपीएल) ने सिक्स लेन के ग्रीनफील्ड गंगा एक्सप्रेसवे प्रोजेक्ट के लिए फाइनेंशियल क्लोजर टोल आधारित पीपीपी मोड के तहत हासिल कर लिया है।

यह सिक्सलेन आठ लेन तक विस्तार करने योग्य होगा। इसमें रियायत अवधि 30 वर्ष की होगी। इसके लिए रियायत अवधि 30 वर्ष होगी, जिसमें तीन वर्ष की निर्माण अवधि सहित छह वर्ष का यातायात लिंक विस्तार प्रावधान शामिल है। बता दें कि उत्तर प्रदेश में गंगा एक्सप्रेसवे मेरठ को प्रयागराज से जोड़ेगा। यह डीबीएफओटी के आधार पर लागू होने वाला भारत का




सबसे लंबा एक्सप्रेसवे होगा। इसके 594 किलोमीटर की लंबाई में एईएल बदायूं से प्रयागराज तक 464 किलोमीटर का निर्माण करेगी जिसमें 80त्न एक्सप्रेसवे परियोजना शामिल है। अदाणी इंटरप्राइजेज लिमिटेड के रोड बिजनेस के सीईओ श्री के पी माहेश्वरी ने कहा, 'भारत रिकॉर्ड गति से सड़क के बुनियादी ढांचे का निर्माण कर रहा है, जिसकी उसे अपने विकास के लिए जरूरत है, और हमें पूरे देश में बहुत जरूरी सड़क संपर्क प्रदान करने की खुशी है।'

भारतीय स्टेट बैंक ने गंगा एक्सप्रेसवे परियोजनाओं के लिए 10,238 करोड़ की संपूर्ण ऋण आवश्यकता को रेखांकित किया है। एसबीआई की इस सुविधा के साथ हम अपने देश और यूपी राज्य को एक और ऐतिहासिक बुनियादी ढांचा प्रदान करने की ओर एक कदम आगे बढ़ गए हैं। एईएल के सड़क निर्माण पोर्टफोलियो में 18 प्रोजेक्ट्स शामिल हैं। इसका विस्तार 6,400 लेन किलोमीटर से अधिक है।

इसका संपत्ति मूल्य करीब 44,000 करोड़ रुपए है। ये परियोजनाएं भारत के दस राज्यों उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश, केरल, गुजरात, पश्चिम बंगाल और ओडिशा में फैला है। पोर्टफोलियो में एचएएम (हाइब्रिड वार्षिकी मोड), टीओटी (टोल-ऑपरेट-ट्रांसफर) और बीओटी (बिल्ड-ऑपरेट-ट्रांसफर) प्रकार की संपत्तियों का मिश्रण है।

## रुपया फिर रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद, पहली बार 82 पार गया डॉलर



**एजेंसी ❑ मुंबई**

डॉलर के मुकाबले रुपया बुधवार को पहली बार 82 के स्तर से नीचे पहुंच गया और आखिर में 40 पैसे टूटकर 81.93 के सार्वकालिक निचले स्तर पर बंद हुआ। विदेशी बाजारों में अमेरिकी मुद्रा के मजबूत होने और निवेशकों के जोखिम वाले बाजारों में पूंजी लगाने से बचने की वजह से रुपये में गिरावट आई। घरेलू शेयर बाजार में जारी गिरावट और विदेशी निवेशकों की लगातार पूंजी निकासी से भी घरेलू मुद्रा पर दबाव बढ़ा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 81.90 पर खुला। मंगलवार को यह डॉलर के मुकाबले 14 पैसे मजबूत होकर 81.53 पर बंद हुआ था। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड की उपाध्यक्ष (कमोडिटी एवं मुद्रा अनुसंधान) सुगंधा सचदेवा ने कहा कि विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट के बीच आरबीआई की ओर से सीमित हस्तक्षेप से रुपये में बिकवाली का मौजूदा दौर चल रहा है। इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के समक्ष डॉलर की मजबूती को आंकने वाला डॉलर सूचकांक 0.43त्न चढ़कर 114.59 पर पहुंच गया है। विशेषज्ञों का कहना है कि अब सबका ध्यान आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति की बैठक पर है। इस बैठक में नीतिगत दरों पर शुक्रवार को फैसला आएगा। सचदेवा ने कहा कि बाजारों में जोखिम से बचने की धारणा के बीच रुपया और गिरकर नए निचले स्तर पर पहुंच गया। घरेलू शेयर बाजारों के टूटने और डॉलर सूचकांक के 20 साल के उच्च स्तर 115 के महत्वपूर्ण स्तर के करीब पहुंचने से भी स्थानीय मुद्रा में गिरावट आई। वैश्विक मंदी की आशंका से इस साल ज्यादातर एशियाई मुद्राओं में गिरावट आई है।

## दुनिया के शेयर बाजारों में भारत का बेहतर प्रदर्शन चीन के शेयर बाजार में 16 फीसदी की गिरावट

**एजेंसी ❑ नई दिल्ली**

एसबीआई की एक ताजा रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय शेयर बाजार ने दुनिया के बाजारों में इस साल सबसे अच्छा प्रदर्शन किया है। इस साल सेंसेक्स और निफ्टी में 3.5त्न की गिरावट आई है। ब्रिटेन के शेयर बाजार में 6.5त्न, जापान के शेयर बाजार में 9.8त्न और चीन के शेयर बाजार में 16त्न की गिरावट आई है।

इसी दौरान अमेरिका का डाऊजोंस और फ्रांस का बाजार 20-20त्न गिरा है। स्विटजरलैंड का शेयर बाजार 22.2त्न, यूरो बाजार 22.8त्न, हांगकांग 23.3त्न गिरा है। जर्मनी का बाजार 23.7त्न गिरा है, वहीं अमेरिका के एसएंडपी 500 में 23.8त्न की गिरावट आई है। रूस के




बाजार में सबसे अधिक 49.8 फीसदी की गिरावट देखी गई है। खुदरा निवेशक भारतीय बाजार को संभाल रखे हैं। इन्होंने कोरोना में बाजार में प्रवेश किया। तब से सेकेंडरी बाजार में 2.9 लाख करोड़ लगाए हैं। इसमें से 2.3 लाख करोड़ 2021 में और इस साल की पहली छमाही में आया है। यूके का फॉरेक्स 11.7त्न घटा है। दक्षिण कोरिया का फॉरेक्स 5.50त्न या 24 अरब डॉलर घटा है। जापान के विदेशी मुद्रा भंडार में 6.5त्न की कमी आई है। यह 1,259 अरब डॉलर से 1,177 अरब डॉलर रह गया है। चीन का विदेशी मुद्रा भंडार 4.9 फीसदी या 159 अरब डॉलर कम होकर 3,055 अरब डॉलर रह गया। डॉलर की तुलना में रुपये की कमजोरी का असर देश के विदेशी मुद्रा भंडार पर पड़ा है। शीर्ष देशों की तुलना करें तो भारत के मुद्रा भंडार में ज्यादा गिरावट आई है। इस साल फरवरी में विदेशी मुद्रा भंडार (फॉरेक्स) 632 अरब डॉलर था। अगस्त में यह 86 अरब डॉलर या 13.6 फीसदी घटकर 546 अरब डॉलर पर आ गया। थाईलैंड का फॉरेक्स इसी दौरान 223 अरब डॉलर से 28 अरब डॉलर या 12.6 फीसदी गिरकर 195 अरब डॉलर पर आ गया है।

## बीमा कंपनियों ने की 824 करोड़ की जीएसटी चोरी, 15 कंपनियों, मध्यस्थों और बैंकों के परिसरों में तलाशी




**एजेंसी, नई दिल्ली।** जीएसटी अधिकारियों ने 15 बीमा कंपनियों, मध्यस्थों और बैंकों की 824 करोड़ रुपये की कर चोरी पकड़ी है। ये फर्जी चालान जारी कर टैक्स चोरी कर रहे थे। मुंबई जोन के जीएसटी इंटेलिजेंस अधिकारियों ने गोपनीय सूचना के आधार पर कई शहरों में बीमा कंपनियों, मध्यस्थ इकाइयों/ब्रांडिंग कंपनियों और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) के परिसरों की तलाशी ली। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को बताया कि तलाशी के दौरान पता चला कि इन कंपनियों ने विपणन सेवाओं की आड़ में वस्तुओं या सेवाओं की आपूर्ति किए बिना इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) का लाभ लिया। साथ ही, एक-दूसरे के साथ मिलकर फर्जी चालान भी बना रहे थे। तलाशी के दौरान कई अन्य मामलों का भी पता चला है। इन कंपनियों ने अब तक महज 217 करोड़ रुपये का कर भुगतान ही किया है। मामले में जांच चल रही है।

## एपल जैसी कंपनियों को 45 अरब का प्रोत्साहन देगा केंद्र, चीन के उत्पादन आधार को मिलेगी चुनौती



**नई दिल्ली।** देश में लैपटॉप और टैबलेट बनाने वाली तथा निर्यात हब के लिए विदेशी इलेक्ट्रॉनिक कंपनियों को सरकार 45 अरब रुपये की प्रोत्साहन रकम दे सकती है। सरकार के इस कदम से चीन के उत्पादन आधार को चुनौती मिलेगी। साथ ही भारत को निर्यात हब बनाने में मदद मिलेगी। प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने इस मामले में उद्योग के अधिकारियों के लिए एक सलाह पत्र जारी किया है। इसमें प्रति कंपनी प्रोत्साहन की रकम 4,000 करोड़ रुपये से अधिक हो सकती है। भारत ऐसे उत्पादों के आयात में कटौती करने और लंबी अवधि में देश को निर्यात केंद्र बनाने के लिए टैबलेट और उत्पादन को बढ़ावा देना चाहता है। प्रोत्साहन की रकम कलपुर्जों के स्थानीय निर्माण पर निर्भर होगी जो तैयार उत्पादों पर 6 फीसदी के बराबर हो सकता है।

## गिरावट के बाद बाजार में आया उछाल

**नईदिल्ली।** बाजार में छह दिन की गिरावट के बाद गुरुवार को बजार का मूड बदला है। सेंसेक्स 514 अंकों की उछाल के साथ 57,112.43 अंकों के स्तर पर ट्रेड कर रहा है। वहीं, निफ्टी 151.30 अंकों की मजबूती के साथ 17,009.90 अंकों के लेवल पर कारोबार कर रहा है। बाजार में शुरुआती कारोबार में मेटल सेक्टर के स्टॉक्स में मजबूती नजर आ रही है। नायका के शेयरों में पांच प्रतिशत की तेजी देखी जा रही है, वहीं एक्सिस बैंक के शेयरों में तीन प्रतिशत की तेजी आई है। इस बीच खबर आ रही है कि फैशन ब्रांड नायका तीन अक्टूबर को बोनस शेयर पर विचार करने के लिए बोर्ड की बैठक करेगी। बता दें कि कंपनी के IPO को अभी एक साल भी नहीं हुआ। इसकी लिस्टिंग 10 नवंबर 2021 को हुई।

## बेहतर बिजनेस करने के लिए आकाश अंबानी को लीडर्स कैटेगरी में चुना गया

**एजेंसी ❑ नई दिल्ली**

टाइम मैगजीन ने जाने माने उद्योगपति मुकेश अंबानी के बड़े बेटे और रिलायंस जियो के चेयरमैन आकाश अंबानी को टाइम100 नेक्स्ट लिस्ट में जगह दी है। उन्हें लीडर्स कैटेगरी में चुना गया है। आकाश अंबानी के बारे में टाइम मैगजीन का कहना है कि वे बिजनेस बढ़ाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। उन्होंने त्रश्चद्यद्द और स्न्ड्डष्ट्रड्डश्चद्य के साथ अरबों डॉलर की निवेश डील पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आकाश अंबानी टाइम100 नेक्स्ट लिस्ट में शुमार होने वाले अकेले भारतीय हैं। दुनिया के उभरते सितारे आकाश अंबानी के बारे टाइम मैगजीन की राय है कि मात्र 22 वर्ष की उम्र में ही आकाश अंबानी को जियो के बोर्ड में जगह मिल गई थी। और इसी वर्ष जून में उन्हें, भारत की सबसे बड़ी दूरसंचार कंपनी जियो की कमान सौंप दी गई। 42 करोड़ 60 लाख ग्राहकों वाली रिलायंस जियो को संभालने की जिम्मेदारी अब चेयरमैन आकाश अंबानी के कंधों पर है। बताते चलें कि रिलायंस जियो का 5जी रोलआउट आकाश अंबानी की निगरानी में हो रहा है। कंपनी की योजना दीवाली तक दिल्ली, मुंबई सहित कुछ अन्य मैट्रों में 5जी लॉन्च करने की है। अकेली जियो ही है जिसने 700 मेगाहर्ट्ज स्पेक्ट्रम बैंड खरीदा है और यह अकेला स्पेक्ट्रम बैंड है जिस पर स्टैंड-अलोन 5जी नेटवर्क यानी True 5G चल सकता है। अमेरिका और यूरोप में 5जी के लिए 700 मेगाहर्ट्ज बैंड को प्रीमियम बैंड माना जाता है। इस लिहाज से 5जी के मामले में जियो को बाकी कंपनियों के मुकाबले बढ़त हासिल है। टाइम मैगजीन हर साल TIME100 Ne&t की लिस्ट प्रकाशित करता है। इस लिस्ट में देश दुनिया के अलावा उद्योग जगत के 100 उभरते सितारों को जगह दी जाती है। 2022 की TIME100 लिस्ट में संगीतकारों के साथ-साथ पेशेवर चिकित्सक, सरकारी अधिकारियों, आंदोलनकारियों, हाई-प्रोफाइल व्हिसल-ब्लोअर्स और टॉप सीईओ को भी शामिल किया गया है। इन हस्तियों ने न केवल दुनिया को नया आकार दिया है बल्कि भविष्य को नए सिरे से परिभाषित करने की कोशिश की है।

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक एवं संपादक नागेश नरवरिया द्वारा जय माता प्रिंटर्स म.नं. 1 अमर दाल मिल के पास पेमदीपुरा चिकलोद रोड के पास बापू कालोनी जहांगीराबाद भोपाल मप्र से मुद्रित एवं म.नं. 51 एक्सटेंशन शिवलोक कॉलोनी फेस-3, खजूरी कलां रोड,तह. हुजूर जिला भोपाल से प्रकाशित। संपादक :- नागेश नरवरिया ( समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा।)